राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964 वर्ष-61 > अंक - 318 रायपुर मंगलवार 18 नवंबर 2025 विक्रम संवत 2082 पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25



मोदी 30 नवंबर को करेंगे मन की बात



बिहार : तेजस्वी यादव को चुना गया विधायक दल का नेता, बैठक बीच में छोड़कर चले गए लालू और राबड़ी

## बिहार में नई सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू, नीतीश ने राजभवन पहुंचकर विधानसभा विघटित करने का अनुशंसा पत्र सौंपा



पटना संवाददाता

बिहार विधानसभा चुनाव की समाप्ति के बाद अब प्रदेश में नई सरकार गठन की कवायद शुरू हो गई है। इसके तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को राजभवन पहुंचे और 19 नवंबर को विधानसभा विघटित करने के लिए मंत्रिमंडल की अनुशंसा वाला पत्र सौंपा। राजभवन से बाहर निकलने के बाद बिहार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि हम लोग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ राज्यपाल से मिले और उन्हें 19 नवंबर को वर्तमान विधानसभा को विघटित करने वाली अनुशंसा का पत्र सौंपा गया। मंत्री चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें वर्तमान विधानसभा को 19 नवंबर के प्रभाव से विघटित करने की अनुशंसा की गई। इस बैठक में पूरे कार्यकाल के दौरान वर्तमान सरकार में सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों का सहयोग मिला और सरकार के सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक लागू किया गया। इसके लिए मुख्य सचिव सहित सभी कर्मियों की सराहना की गई। बैठक में विधानसभा चुनाव में एनडीए के प्रचंड बहुमत के लिए नीतीश कुमार को बधाई दी गई। कैबिनेट की बैठक समाप्त होने के तुरंत बाद उन्होंने कैबिनेट को औपचारिक रूप से भंग कर दिया।

### दिल्ली ब्लास्ट पर अमित शाह का बयान, बोले- सख्त सज़ा होगी

# दोषियों को पाताल से भी ढूंढ़ निकालेंगे

नईदिल्ली,एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सरकार दिल्ली विस्फोट के दोषियों को पाताल लोक से भी ढूंढ निकालेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें उनके अपराध के लिए कड़ी से कड़ी सजा मिले। गृह मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद को जड़ से खत्म करना उनकी सामूहिक प्रतिबद्धता है। शाह ने एक्स पर लिखा कि उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक की अध्यक्षता की।

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी जी के 'सशक्त राज्य, सशक्त राष्ट्र' के दृष्टिकोण को साकार करते हुए, क्षेत्रीय परिषदों ने संवाद, सहयोग और समन्वय के माध्यम से राज्यों के बीच नीतिगत तालमेल सुनिश्चित किया है, जिससे भारत क्षेत्रीय शक्ति, राष्ट्रीय प्रगति और वैश्विक नेतृत्व के पथ पर अग्रसर है। महिलाओं और बच्चों को त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। अमित शाह ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी से सटे हरियाणा के फरीदाबाद में आयोजित उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की 32वीं बैठक की अध्यक्षता की और क्षेत्र के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।




### सहकारिता क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावना : अमित शाह ने किया संबोधन

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकारिता, कृषि और मछली पालन गरीबी दूर करने और रोजगार प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता, कृषि और मछली पालन से गरीबी दूर हो रही है और रोजगार बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'सहकार से समृद्धि' के मंत्र का उल्लेख करते हुए श्री शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावना है। उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद के साथ रोजगार, खासकर स्वरोजगार में वृद्धि से ही हम एक विकसित भारत के स्वप्न को साकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ जीडीपी देश की समृद्धि का परिचायक नहीं होता बल्कि समृद्धि तभी मानी जाती है जब हर व्यक्ति गरीबी रेखा से ऊपर आ जाता है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय ने देश भर में सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए 57 पहल की हैं। इनमें प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (PACS) के कंप्यूटरीकरण, तीन नई राष्ट्रीय सहकारी समितियों की स्थापना और त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी की स्थापना शामिल है।

उत्तरी क्षेत्रीय परिषद में हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान राज्य और दिल्ली, जम्मू कश्मीर, लद्दाख एवं चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी (हरियाणा), सुखविंदर सिंह सुक्खू (हिमाचल प्रदेश), भगवंत मान (पंजाब), भजनलाल शर्मा (राजस्थान), रेखा गुप्ता (दिल्ली), उमर अब्दुल्ला (जम्मू-कश्मीर), पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा (जम्मू-कश्मीर) और वीके सक्सेना (दिल्ली) ने बैठक में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली, महिलाओं और बच्चों के खिलाफयौन अपराधों के मामलों की त्वरित जांच जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि बैठक की शुरुआत में लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए कार धमाके में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। उन्होंने बताया कि बैठक में केंद्र, राज्य सरकारों और केन्द्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

## अब असम में स्पेशल रिवीजन की बारी, चुनाव आयोग ने दिया आदेश,

एजेंसी। चुनाव आयोग ने 2026 असम विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के ÷विशेष पुनरीक्षण÷ का आदेश दिया है, जिसकी अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2026 होगी। यह कदम त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है, जिसे असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने स्वागत योग्य बताया है।

भारत के निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सोमवार को असम में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के 'विशेष पुनरीक्षण' का आदेश दिया। यह विशेष पुनरीक्षण, मतदाता सूची के वार्षिक विशेष सारांश पुनरीक्षण और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच का एक चरण है। असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, राज्य में विशेष पुनरीक्षण कार्य करने की अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2026 होगी। यह घटनाक्रम बिहार में दो चरणों में हुए विधानसभा चुनावों के सफल समापन के कुछ दिनों बाद सामने आया है, जहाँ शीर्ष चुनाव निकाय ने सबसे पहले एसआईआर अभियान चलाया था।

## यूपी : फर्जी पैन कार्ड केस में आजम खान और बेटे अब्दुल्ला को 7-7 साल की सजा, 2 महीने बाद फिर जाएंगे जेल

लखनऊ. संवाददाता

यूपी के रामपुर की स्थानीय अदालत ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को फर्जी पैन कार्ड मामले में सात-सात साल की सजा सुनाई है. दोनों को अदालत ने आज ही दोषी करार दिया. इस फैसले के बाद चर्चाओं का दौर तेज हो गया है, क्योंकि आजम खान अभी दो महीने पहले 23 सितंबर को सीतापुर जेल से रिहा हुए थे. अदालत का यह कठोर निर्णय उनके राजनीतिक और कानूनी सफर में एक और बड़ा मोड़ माना जा रहा है. यह मामला वर्ष 2019 का है, जब



रामपुर के मौजूदा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. आरोप था कि अब्दुल्ला ने अलग-अलग जन्म तिथियों वाले दो जन्म प्रमाण पत्रों का उपयोग करके दो पैन कार्ड तैयार करवाए. शिकायत में कहा गया था कि उन्होंने चुनाव लड़ने की न्यूनतम आयु पूरी न होने के बावजूद विधायक बनने के लिए यह पूरा फर्जीवाड़ा किया।

# दिल्ली ब्लास्ट : फिदायीन हमलावर उमर का सहयोगी गिरफ्तार

### दिल्ली ब्लास्ट केस : अदालत ने आमिर राशिद अली को 10 दिन की एनआईए हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली ,संवाददाता।** दिल्ली की अदालत ने कार ब्लास्ट मामले में ड्राइवर उमर मोहम्मद उर्फ उमर उर नबी के सहयोगी आमिर राशिद अली को 10 दिन की एनआईए हिरासत में भेजा है। आमिर को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली से गिरफ्तार किया था। एनआईए ने सोमवार को दिल्ली की अदालत में आमिर राशिद अली को पेश किया और उसकी कस्टडी मांगी। इस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने एनआईए को 10 दिन की कस्टडी सौंपी। आमिर राशिद अली से पूछताछ के दौरान एनआईए को कई अहम कड़ियों को जोड़ने में मदद मिल सकती है। आमिर राशिद अली जम्मू-कश्मीर के पंपोर के संबूरा का रहने वाला है। सूत्रों के अनुसार, एनआईए की जांच से पता चला है कि आमिर ने उमर उन नबी के साथ मिलकर आतंकी हमला करने की साजिश रची थी। एक बयान में कहा गया, आमिर कार की खरीद में मदद करने के लिए दिल्ली आया था, जिसमें विस्फोट हुआ था। इस आतंकी हमले की जांच के सिलसिले में एनआईए को आमिर की गिरफ्तारी के रूप में सफलता मिली। एनआईए ने दिल्ली पुलिस से मामला अपने हाथ में लेने के बाद व्यापक तलाशी अभियान चलाया था। दिल्ली में लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए कार ब्लास्ट में कम से कम 12 लोग मारे गए थे, जबकि कई लोग बुरी तरह घायल हुए। यह ब्लास्ट फरीदाबाद में आतंकी मॉड्यूल के खुलासे के कुछ घंटे बाद हुआ था, जिसमें डॉक्टर मुजम्मिल और शाहीन समेत सात लोगों को आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।




दिल्ली के लाल किला बम धमाके की जांच कर रही एनआईए को बड़ी कामयाबी मिली है। एनआईए ने इस मामले में पहली गिरफ्तारी की है। एनआईए ने राष्ट्रीय राजधानी से आमिर राशिद अली नाम के शख्स को दबोचा है। बताया जाता है कि धमाके को अंजाम देने वाली i20 कार इसी आमिर के नाम पर रजिस्टर्ड थी। आमीर मूल रूप से कश्मीर का रहने वाला है। आमिर पर आरोप है कि उसने उमर के साथ मिलकर इस धमाके की साजिश रची थी। दिल्ली में धमाके में जिस कार का इस्तेमाल किया गया था वो भी आमिर राशिद अली के नाम पर ही रजिस्टर्ड है। NIA की जांच में पता चला है कि जम्मू-कश्मीर के पंपोर के संबूरा का रहने वाले आमीर राशिद अली धमाके में इस्तेमाल की गई कार को खरीदने के लिए कुछ महीने पहले ही दिल्ली आए थे। यहां से कार खरीदने के बाद ही उस कार में बम को सेट किया गया। बता दें कि NIA आमीर की गिरफ्तारी के अलावा इस धमाके से जुड़े अन्य संदिग्धों की भी तलाश में है। यही वजह है कि NIA की जांच जम्मू कश्मीर समेत 6 राज्यों तक पहुंच चुकी है।

## तमिलनाडु के सीएम सीएम स्टालिन, एक्टर अजित कुमार समेत 4 हस्तियों के घरों पर बम की धमकी, पुलिस ने शुरू की जांच

चेन्नई ,

तमिलनाडु से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। रविवार देर रात मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन सहित अभिनेता अजित कुमार, अरविंद स्वामी और खुशबू के घरों को बम धमाके की धमकी दी गई। मामले की जानकारी मिलते ही सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया और पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी। सूत्रों के मुताबिक, इन चारों के आवास पर बम होने की धमकी से जुड़ा ईमेल पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कार्यालय को भेजा गया था। इसके बाद पुलिस टीमों ने सभी चार घरों पर पहुंचकर सुरक्षा जांच और तलाशी अभियान शुरू कर दिया।

## इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में आत्मनिर्भरत बनेगा भारत, अश्विनी वैष्णव ने पेश किया रोडमैप, डिजाइन और गुणवत्ता पर आधार

पीआईबी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के अगले चरण के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप प्रस्तुत किया, जिसमें उद्योग से मज़बूत डिज़ाइन टीम, सिक्स सिग्मा गुणवत्ता और आत्मनिर्भर घरेलू आपूर्ति श्रृंखलाओं पर ज़ोर देने का आह्वान किया गया है। यह पहल भारत को एक प्रमुख वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र बनाने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण




विकास के अगले चरण के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत किया और उद्योग जगत के नेताओं से तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने पर ज़ोर दिया, जहाँ उन्हें अग्रणी भूमिका निभानी होगी। उद्योग जगत के सदस्यों से उनकी तीन प्रमुख माँगें थीं: मज़बूत डिज़ाइन टीम बनाना, सिक्स सिग्मा गुणवत्ता हासिल करना और आत्मनिर्भरता पहल के तहत घरेलू आपूर्ति श्रृंखलाओं को मज़बूत बनाना।

आईसीईए द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के सदस्यों और अन्य हितधारकों को संबोधित करते हुए, मंत्री ने कहा कि भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में तेज़ी से हुई प्रगति ने आलोचकों का मुँह बंद कर दिया है। मंत्री ने कहा कि कई लोग विरोध कर रहे थे, और अब वे विरोध करने वाले गलत साबित हुए हैं। आपने रास्ता दिखाया है कि कैसे यह देश एक प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण केंद्र बनेगा।

**विदेश** टैरिफके समाधान के लिए एक 'पैकेज' लगभग तैयार

# भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते का पहला चरण जल्द होगा पूरा

### 2026 में अमेरिका से 22 लाख टन एलपीजी आयात करेगा भारत

एजेंसी

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते का पहला चरण लगभग पूरा होने वाला है। एक सरकारी अधिकारी ने सोमवार को ये जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि समझौते का ये हिस्सा भारत पर 25 प्रतिशत जवाबी टैरिफ और रूस से तेल खरीद को लेकर लगाए गए एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत टैरिफसे निपटने से जुड़ा होगा। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बाजार पहुंच संबंधी मुद्दों पर लगाए गए जवाबी टैरिफ के समाधान के लिए एक 'पैकेज' लगभग तैयार है और इस पर ''हमें



जल्द ही अंतिम निर्णय मिल जाना चाहिए।''

**भारत ने अमेरिका से एलपीजी इंपोर्ट के लिए किया समझौता** बताते चलें कि देश की सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने साल 2026 में अमेरिका से लिक्विड पेट्रोलियम गैस (LPG) इंपोर्ट करने के लिए आज ही एक साल का समझौता किया है। इस कदम को अमेरिका के साथ भारत के ट्रेड सरप्लस को कम करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। ये मुद्दा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण रहा है और इसी कारण उन्होंने अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफलगाया है।

सोमवार को जारी आधिकारिक बयान में कहा गया, ''भारत की पब्लिक सेक्टर की पेट्रोलियम कंपनियों ने कॉन्ट्रैक्ट ईयर 2026 के लिए यूएस गल्फकोस्ट से लगभग 22 लाख टन एलपीजी इंपोर्ट करने के लिए एक साल का संरचित अनुबंध सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।''

**भारत पर 27 अगस्त से लागू है 50 प्रतिशत टैरिफ -** बताते चलें कि डोनाल्ड ट्रंप ने इस साल जुलाई के आखिर में भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इसके साथ ही उन्होंने रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए भारत पर अलग से जुर्माना लगाने की बात कही थी।

# बांग्लादेश : पूर्व पीएम शेख हसीना को कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा

ढाका. संवाददाता ।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के मामले में फैसला सुना दिया है. कोर्ट ने हसीना को मानवता के खिलाफ अपराध के मामले का दोषी ठहराया. पूर्व पीएम शेख हसीना और पूर्व गृहमंत्री आसदुज्जमान खान कमाल को फांसी की सजा सुनाई गई है. ढाका की इंटरनेशनल क्राइम्स ट्रिब्यूनल ने उन्हें अगस्त 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान हुई हत्याओं का मास्टरमाइंड कहा है. शेख हसीना तख्तापलट के बाद भारत आ गई थीं. वे पिछले 15 महीने से भारत में ही रह रही हैं.

कोर्ट ने फैसला सुनाने के दौरान कोर्ट ने वीडियो साक्ष्य का जिक्र किया, जिसमें हसीना पर लक्षित हत्या का आदेश देने, जुलाई-अगस्त के विरोध प्रदर्शनों के दौरान नागरिकों पर गोली चलाने और उन्हें निशाना बनाने के लिए हेलीकॉप्टरों और ड्रोनों का आदेश देने का आरोप लगाया गया है. कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सबूत यह भी बताते हैं कि हसीना ने सरकार की आलोचना करने के कारण कई पत्रकारों, राजनेताओं और कार्यकर्ताओं को पद से हटा दिया था. बांग्लादेश के आईसीटी ने मानवता के खिलाफ कथित अपराधों पर अपदस्थ अवामी लीग नेता के खिलाफ फैसला सुनाते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए अधिकतम सजा की हकदार हैं. कोर्ट ने शेख हसीना को मानवता के विरुद्ध अपराध का दोषी ठहराया. शेख हसीना को सजा सुनाए जाने को लेकर आज बांग्लादेश में हिंसा की आशंका है. इस संबंध में पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं और गश्त-टीमों को स्टैंडबाय पर रखा गया है. गौरतलब है कि पिछले हफ्ते में देशभर में लगभग 40 आगजनी की घटनाएं (ज्यादातर बसों को निशाना बनाकर) और दर्जनों बम विस्फोट हुए हैं. इनमें दो लोगों की मौत भी हुई.

### मौत की सजा पर ऐसा भड़की शेख हसीना, भारत से ही युनूस को दे दी लास्ट वार्निंग



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने खिलाफआए फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक धांधली न्यायाधिकरण द्वारा लिया गया फैसला है, जिसकी स्थापना और अध्यक्षता एक अनिर्वाचित सरकार द्वारा की गई है, जिसके पास कोई लोकतांत्रिक जनादेश नहीं है। बांग्लादेश अवामी लीग द्वारा साझा किए गए हसीना के एक बयान में, फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए, उन्होंने कहा, मेरे खिलाफसुनाया गया फैसला एक धांधली न्यायाधिकरण द्वारा लिया गया है, जिसकी स्थापना और अध्यक्षता एक अनिर्वाचित सरकार द्वारा की गई है, जिसके पास कोई लोकतांत्रिक जनादेश नहीं है। वे पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित हैं। मृत्युदंड की उनकी घृणित मांग, अंतरिम सरकार के भीतर चरमपंथी हस्तियों के बांग्लादेश के अंतिम निर्वाचित प्रधानमंत्री को हटाने और अवामी लीग को एक राजनीतिक ताकत के रूप में निष्प्रभावी करने के बेशर्म और जानलेवा इरादे को उजागर करती है। उन्होंने यूनुस प्रशासन की कड़ी आलोचना की और कहा डॉ. मोहम्मद यूनुस के अराजक, हिंसक और सामाजिक रूप से प्रतिगामी प्रशासन के अधीन काम कर रहे लाखों बांग्लादेशी, उनके लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनने के इस प्रयास से मूर्ख नहीं बनेंगे। वे देख सकते हैं कि तथाकथित अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) द्वारा चलाए गए मुकदमों का उद्देश्य कभी भी न्याय प्राप्त करना या जुलाई और अगस्त 2025 की घटनाओं की कोई वास्तविक जानकारी प्रदान करना नहीं था। बल्कि, उनका उद्देश्य अवामी लीग को बलि का बकरा बनाना और डॉ. यूनुस और उनके मंत्रियों की विफलताओं से दुनिया का ध्यान भटकाना था।

## 'कसम खाता हूँ, फिलिस्तीन देश नहीं बनने दूंगा' नेतन्याहू का ऐलान, अमेरिका को भी दिया दो टूक जवाब

न्यूयॉर्क/यरूशलेम , एजेंसी

गाजा में युद्धविराम लागू होने के बाद अब अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) में फिलिस्तीन राष्ट्र को लेकर एक अहम प्रस्ताव पेश करने जा रहा है। हालांकि, इस प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले ही इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कसम खा ली है कि वह किसी भी कीमत पर फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना का समर्थन नहीं करने वाले हैं। नेतन्याहू लंबे समय से यह कहते रहे हैं कि एक अलग फिलिस्तीनी राष्ट्र बनाने से आतंकी संगठन हमास को ही लाभ होगा। उन्होंने आशंका जताई है कि इससे इजरायल की सीमाओं पर अंततः हमास द्वारा संचालित एक और भी बड़ा राष्ट्र बन जाएगा।

गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव को आगे बढ़ाने की अमेरिका की कोशिशों के बीच, नेतन्याहू पर लचीलापन दिखाने के लिए भारी अंतरराष्ट्रीय दबाव पड़ रहा है। इसके बावजूद, इजरायली प्रधानमंत्री अपने रुख पर अड़े हुए हैं। नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि फिलिस्तीनी राष्ट्र की स्थापना के प्रति इजरायल के विरोध में जरा भी बदलाव नहीं आया है और इसे बाहरी या आंतरिक दबाव से बदला नहीं जा सकता। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा, मुझे किसी की पुष्टि, किसी के ट्वीट या किसी के भाषण की जरूरत नहीं है।

क्या है अमेरिकी प्रस्ताव? सुरक्षा परिषद द्वारा जल्द ही अमेरिका के इस प्रस्ताव पर मतदान किए जाने की संभावना है। इस प्रस्ताव के तहत, रूस, चीन और कुछ अरब देशों के विरोध के बावजूद, गाजा में एक 'अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल' की स्थापना की जाएगी।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने किया पुलिया निर्माण का भूमिपूजन

## (जगदलपुर) विधायक निधि से मावली माता मंदिर में शेड़ निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

जगदलपुर, लोकशक्ति ।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने शहरवासियों को लाखों रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें मावली माता मंदिर परिसर में शेड़ हेतु निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। सर्वप्रथम भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव व महापौर संजय पांडे एवं जनप्रतिनिधियों ने माता मावली जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की कामना की । आज के आयोजित भव्य कार्यक्रम में मावली माता मंदिर प्रांगण में शेड़ निर्माण के लिए वर्षो से क्षेत्रवासियों व मंदिर के पुजारी ने मांग रखी थी। जिसपर मांग को पूरा करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधायक निधि से मावली माता मंदिर परिसर में शेड निर्माण के लिए लागत 10 लाख लागत से बनने के लिए भूमिपूजन किया । वहीं शहर में जलभराव से निजात दिलाने के उद्देश्य से शहर के सिरहासार के सामने पुलिया निर्माण लागत 31.25 लाख रुपए एवं दामोदर पैट्रोल पंप के पीछे पुलिया निर्माण लागत 25 लाख रुपए से कार्यो का भूमिपूजन किया गया। कुल 66.25 लाख की लागत से निमार्ण कार्य किया जायेगा। मावली मंदिर प्रांगण में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने कहा आज बहुत ही सुखद पल है जब मावली माता मंदिर परिसर में शेड निर्माण कार्य एवं शहर की बहुप्रतीक्षित मांग जलभराव से मुक्ति दिलाने में सिराहासार चौक के सामने पुलिया निर्माण एवं दामोदर पैट्रोल पंप के पीछे पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। आप सभी के सहयोग से जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप हर क्षेत्र में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। श्री देव ने कहा हमारे सरकार में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में 162 देव गुड़ीयों ,माता गुड़ी व मंदिरों में उन्नयन व विकास कार्यो की स्वीकृति होकर कार्य चल रहे हैं। श्री देव ने कहा आप सभी के साथ मिलकर विकास कार्य कर रहे हैं। वहीं शहर में जलभराव की समस्याओं से निजात दिलाने के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन मद से शहर में पुलिया निर्माण कार्य शुरू किया गया है। पुलिया निर्माण से जनमानस की काफी सुविधा होगी। बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी जी एवं सभी देवी देवताओं के आशीर्वाद से विकास कार्य अनवरत जारी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। आपका स्नेह एवं आशीर्वाद इसी तरह प्राप्त हो। वहीं महापौर संजय पांडे ने कहा जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास अनवरत जारी है। हमारे मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक के नेतृत्व में लगातार विकास की कीर्तिमान गढ़ रहे हैं। शहर में लगातार जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। पुलिया निर्माण से शहर की जनता को काफी राहत मिलेगी। वहीं भूमिपूजन कार्यक्रम में दशहरा रथ निर्माण के हमारे कारिंगरों , मंदिर के पुजारी व समाज के प्रमुखों का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव एवं अतिथियों द्वारा स्वागत व अभिनंदन किया गया। वहीं मंच संचालन कर रहे योगेश ठाकुर ने बताया जगदलपुर विधानसभा के विधायक किरण देव जी के नेतृत्व में विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व,गोंचा महापर्व,फागुन मंडई, भूमिगत विद्युत लाईन, चित्रकूट महोत्सव,व अन्य स्थानीय पूजा विधानों में अतिरिक्त राशि की स्वीकृत कराया गया। साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक के नेतृत्व में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार चौमुखी विकास कार्य अनवरत जारी है। इस कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन,एम आई सी सदस्य निर्मल पानीग्राही, योगेन्द्र पांडे, संग्राम सिंह, सुरेश गुप्ता,संजय विश्वकर्मा, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी, कलावती कसेर, पार्षद कुबेर देवांगन, आलोक अवस्थी,आशा साहू, उर्मिला यादव, गायत्री बघेल, आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा एवं विद्याशरण तिवारी,विजित देव, रजनीश पानीग्राही, मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, महेन्द्र सेठिया, राजेश श्रीवास्तव, आर्येंद्र सिं समेत काफी संख्या में समाज के प्रमुख, पुजारी एवं जनमानस उपस्थित थे

## प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से समय देने का अनुरोध; छत्तीसगढ़ पेंशनरों के लंबित मामलों पर चर्चा की मांग

**रायपुर,(आरएनएस)।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर उनके 28, 29 एवं 30 नवम्बर 2025 के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान पेंशनरों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा व ज्ञापन के लिए समय प्रदान करने का अनुरोध किया है।

प्रदेशाध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि–छत्तीसगढ़ राज्य का गठन मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के अंतर्गत किया गया था। अधिनियम की धारा 49(6) के अनुसार छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के संयुक्त पेंशनरों के दायित्वों के विभाजन हेतु दोनों राज्यों के बीच आवश्यक कार्रवाई होना थी।

पत्र में कहा गया है कि– विगत 25 वर्षों से पेंशन निर्धारण, सेवा-पुस्तिका सत्यापन, बकाया भुगतान तथा संबंधित दायित्वों के निपटान में गंभीर जटिलताएँ बनी हुई हैं। गृह मंत्रालय द्वारा यदि इस विषय पर आवश्यक निर्देश दिए जाएँ, तो छत्तीसगढ़ तथा मध्यप्रदेश–दोनों ही राज्यों को लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ में लगभग 1.30 लाख पेंशनर, और मध्यप्रदेश में लगभग 5.30 लाख पेंशनर, इस दायित्व विभाजन से प्रभावित हैं। महासंघ ने प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री से निवेदन किया है कि– धारा 49(6) का उचित रूप से विलोपन सुनिश्चित किया जाए, तथा उनके छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान पेंशनरों के प्रतिनिधिमंडल को समय देकर इस विषय पर चर्चा का अवसर प्रदान किया जाए, क्योंकि यह विषय दो राज्य के पेंशनरों की बड़ी संख्या में प्रभावित पेंशनरों के हित से संबंधित है। पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव तथा कलेक्टर रायपुर को भी आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजी गई है।

## मुख्यमंत्री श्री साय ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर दी बधाई एवं शुभकामनाएं

**रायपुर, (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस 16 नवंबर के अवसर पर मीडिया जगत से जुड़े सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमारे लोकतंत्र की विशेषता और आधारशिला है। निष्पक्ष प्रेस और निर्भीक पत्रकारिता स्वस्थ लोकतंत्र के लिए आवश्यक है। मीडिया नागरिकों को उनके अधिकार और दायित्व के प्रति सचेत कर देशहित व लोकहित के प्रति जागरूक करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि भारतीय प्रेस दिवस भारत जैसे जीवंत लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रेस के महत्व और योगदान को याद करने का दिन है। मुख्यमंत्री श्री साय ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर आशा व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया अपनी प्रखरता, संवेदनशीलता और सत्यनिष्ठा के साथ लोकतंत्र के पथ को और अधिक प्रकाशमान करता रहेगा।

## एल टी बिजली लाइन टूट कर जमीन पर गिरा, बड़ा हादसा टला

रामानुजगंज ,(आरएनएस)। आज सुबह करीब 8:30 बजे शहर के व्यस्त देवबंशी मार्केटिंग एवं शिव पूजा पूजन भंडार के सामने अचानक एल.टी. लाइन का तार टूटकर ज़मीन पर गिर गया। इस दुर्घटना के बावजूद गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रतिदिन सुबह इसी स्थान पर हमाली का कार्य करने वाले दर्जनों मजदूर जुटते हैं, जहाँ भारी भीड़ रहती है।

### एसपी धमतरी के निर्देश पर धमतरी पुलिस की सख़्त पहल –

# गुंडा, निगरानी व बदमाशों की नियमित काउंसलिंग, गतिविधियों की समीक्षा एवं सुधार हेतु सख्त हिदायत



**धमतरी,** । एसपी धमतरी के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के तहत थाना सिटी कोतवाली धमतरी क्षेत्र के सक्रिय गुंडा, निगरानी एवं आदतन बदमाशों पर कड़ी निगरानी रखने तथा उनके आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक विशेष पुलिस अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। सीएसपी धमतरी के मार्गदर्शन में क्षेत्र के बदमाशों को हर शनिवार थाना/कार्यालय में तलब किया जाता है, जहां उनकी- वर्तमान गतिविधियों, आर्थिक स्रोत, रहन-सहन की स्थिति, उनकी मौजूदा लोकेशन एवं दिनचर्या की विस्तृत जानकारी ली जाती है। अभियान का उद्देश्य- अपराध पर रोक, सुधार की पहल और समाज में पुनर्स्थापन इस पहल का मुख्य लक्ष्य केवल निगरानी ही नहीं बल्कि - अपराध की पुनरावृत्ति रोकना युवाओं/निगरानीशुदा व्यक्तियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना गुंडागर्दी, अवैध गतिविधियों व आपराधिक सामूहिकता को समाप्त करना पुलिस अधिकारियों द्वारा इन व्यक्तियों को सख्त चेतावनी दी जाती है कि - यदि वे पुनः किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में लिप्त पाए गए । तो उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही, उन्हें यह भी समझाइश दी जाती है कि - अच्छे कार्यों में संलग्न होकर सम्मानजनक जीवन जीने से समाज में उनका स्थान और भविष्य दोनों सुरक्षित रहेंगे। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा की गई प्रमुख प्रक्रियाएँ सभी निगरानी/गुंडा सूची के व्यक्तियों का सत्यापन परिवारिक व सामाजिक पृष्ठभूमि का विश्लेषण व्यवसाय/रोजगार एवं आय के स्रोत की जाँच निवास स्थान का सत्यापन एवं परिवर्तन की निगरानी कानूनी प्रावधानों की जानकारी और सुधार हेतु मार्गदर्शन अपराध मुक्त जीवन जीने हेतु प्रेरित किया जाना सामाजिक मुख्यधारा में वापस लाने हेतु परामर्श सीएसपी धमतरी ने सभी को स्पष्ट निर्देश दिए कि–समाज में भय पैदा करने वाली हर गतिविधि तुरंत बंद करें गुंडागर्दी, धमकी, अवैध वसूली जैसी गतिविधियों से दूर रहें शांति, सद्भाव और कानून का पालन करते हुए जनजीवन में योगदान दें पुलिस की चेतावनी – दोबारा अपराध किया तो सीधे कठोर कार्रवाई धमतरी काउंसलिंग के दौरान बदमाशों को यह चेतावनी दी गई कि– किसी भी संदिग्ध/आपत्तिजनक गतिविधि की जानकारी मिलते ही उन पर स्थायी वारंट, लाइफस्टाइल जांच, संपत्ति जांच जैसी कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## किसानों की हर जरूरत का विष्णु देव साय सरकार रखती है पूरा ध्यान – शशि पवार

**धमतरी,** )। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार की पहली प्राथमिकता किसान है। धान छत्तीसगढ की मुख्य उपज है और जब से विष्णुदेव साय की सरकार आयी है छत्तीसगढ़ में धान की सरकारी खरीद देश में सबसे अधिक कीमत पर की जाती है। 15 नवंबर को प्रदेश की सभी कृषि साख सहकारी समितियों में धान खरीदी उत्सव का शुभारंभ किया गया है। प्राथमिक कृषि साख साख सहकारी समिति ग्राम छाती में धान खरीदी उत्सव के शुभारंभ के अवसर पर अतिथि के रूप में पधारे जिले के प्रतिष्ठित किसान तथा भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संपूर्ण अर्थव्यवस्था किसानों पर निर्भर है। केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की डॉ रमन सिंह और उसके बाद विष्णुदेव साय की सरकार में किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है। यही कारण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के जीवन स्तर में व्यापक परिवर्तन आया है। किसानों की हर जरूरत का सरकार पूरा ध्यान रखती है। आज का दिन प्रदेशवासियों के लिए एक उत्सव की तरह है। किसानों की मेहनत से तैयार फसल को सही समय एवं सही कीमत पर खरीद शुरू होने से किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी और जिसका सीधा असर छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था पर दिखाई देगा। पवार ने क्षेत्र के सभी किसानों को धान खरीदी उत्सव की बधाई दी है। विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी बात रखते हुए भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री कविंद्र जैन ने कहा कि अन्नदाता ही भारत भाग्य विधाता है। केंद्र की मोदी सरकार के साथ मिलकर राज्य की विष्णुदेव साय सरकार किसानों के ऊपज को अच्छी कीमत खरीदने के साथ साथ खाद, बिजली, पानी की सुविधा, फसल बीमा, किसान सम्मान निधि सहित अनेक प्रोत्साहन योजनाओं से किसानों की आय को दुगुना से भी अधिक करने के अपने संकल्प को सिद्ध करने में लगी है।

# दो अज्ञात आरोपियों को ज्ञात कर नकबजनी के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

0 आरोपियों के कब्जे से एक हुण्डई कपनी का 43 इंच एलईडी टी0व्ही0 किमती 25,000 रूपये एवं घटना मं प्रयुक्त एक लोहे का राड़ व टी0व्ही0एस0 जुपीटर क्र. सी0जी0 08 ए0बी0 5197 किया गया जप्त

0 02. सागर यादव पिता रामचंद्र यादव उम 28 वर्ष साकिन ठेठवारपारा सोनी भवन के पास बसंतपुर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव (छ0ग0)

राजनांदगांव,)।



शनिवार को प्रार्थी राकेश कुमार यादव पिता स्व0 रामप्रसाद यादव उम्र 48 वर्ष साकिन दीनदयाल नगर ओ0पी0 चिखली जिला राजनांदगांव का थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसका बल्देवबाग स्थित इलेक्ट्रानिक सर्विस सेंटर से घटना दिनांक 11-12/11/2025 के दरम्यान एक हुण्डई कंपनी का 43 इंच एलईडी टी0व्ही0 चालू हालत में किमती 25,000 रूपये को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले जाना बताया। कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलॉफ अप0क्र0 695/25 धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा0पु0से0) के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक (रा0पु0से0) राजनादगांव के पर्यवेक्षण एवं थाना प्रभारी निरीक्षक नंदकिशोर गौतम के नेतृत्व मे तत्काल पुलिस टीम घटना स्थल रवाना कर घटना स्थल एवं उसके आसपास लगे सी0सी0टी0व्ही0 कैमरा के फुटेज को खंगाला गया, फुटेज में मिले क्लु एवं मुखबीर के सूचना पर संदेही 01. रत्नेश सिंह ठाकुर पिता भगत सिंह ठाकुर उम्र 25 वर्ष साकिन ब्राम्हण पारा मेन रोड़ थाना बसंतपुर जिला राजनांदगाव (छ0ग0) 02. सागर यादव पिता रामचंद्र यादव उम 28 वर्ष साकिन ठेठवारपारा सोनी भवन के पास बसंतपुर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया। जिसके कब्जे चोरी गया हुण्डई कंपनी का 43 इंच एक एलईडी टी0व्ही0 चालू हालत में किमती 25,000 रूपये एवं धटना में प्रयुक्त एक लोहे का राड़ व टी0व्ही0एस0 जुपीटर क्र. सी0जी0 08 ए0बी0 5197 जप्त कर आरोपियों के खिलॉफप्रर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से आज दिनांक 16.11.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, प्र0आर0 जी0 सिरील कुमार, आरक्षक श्रीनिवास राव, प्रदीप जायसवाल एवं थाना स्टाफकी सराहनीय भूमिका रही।

# जल संसाधन विभाग की लापरवाही से एनिकट में जमा रेत, सिंचित क्षेत्र में हुई कमी



**रामानुजगंज,** जल संसाधन विभाग द्वारा लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से कन्हर नदी पर एनीकट का निर्माण कराया गया था, ताकि नगर की जलापूर्ति व्यवस्था मजबूत हो सके तथा बरसाती जल का बेहतर संचय किया जा सके। किंतु विभागीय लापरवाही के कारण बरसात से पूर्व एनीकट के सभी गेट समय पर नहीं खोले गए, जिसका प्रतिकूल असर सीधे एनीकट की स्टोरेज क्षमता पर पड़ा है। वर्तमान स्थिति यह है कि एनीकट अपनी कुल क्षमता का केवल 40 प्रतिशत जल ही संचित कर पा रहा है, जबकि शेष 60 प्रतिशत क्षेत्र में भारी मात्रा में रेत जम गई है। कन्हर नदी पर ही नगर की लगभग 25,000 की आबादी की नियमित जलापूर्ति निर्भर करती है। ऐसे में एनीकट में स्टोरेज क्षमता का घट जाना गंभीर चिंता का विषय है। यदि जल संग्रहण कम हुआ तो गर्मी के मौसम में पेयजल संकट और अधिक गहराई ले सकता है तथा नगरवासियों को नियमित जलापूर्ति बनाए रखना कठिन हो जाएगा। वर्तमान स्थिति यह भी दर्शाती है कि यदि समय रहते एनीकट की साफ-सफाई और रखरखाव किया जाता, तो रेत जमाव को रोका जा सकता था और जलस्तर प्रभावित नहीं होता। परिस्थिति को देखते हुए आवश्यक है कि एनीकट में भरी रेत को जल्द से जल्द निकाला जाए, जिससे उसकी मूल जलधारण क्षमता पुनः स्थापित हो सके। रेत हटने से न केवल जलस्तर बढ़ेगा बल्कि भविष्य की जलापूर्ति व्यवस्था भी सुचारू रूप से चल सकेगी। इसके साथ ही जल संसाधन विभाग को इस दिशा में स्थायी समाधान की ओर भी कदम उठाने होंगे, जैसे– बरसात पूर्व गेटों की अनिवार्य रूप से जांच और खोलने की प्रक्रिया सुनिश्चित करना, नदी तल की समय-समय पर सफाई करना तथा एनीकट के रखरखाव को नियमित रूप से प्राथमिकता में रखना। कुल मिलाकर, एनीकट में रेत हटवाना अत्यंत आवश्यक है ताकि नगर की जल आवश्यकता बिना बाधा पूरी होती रहे और भविष्य में जल संकट की संभावनाओं को समाप्त किया जा सके।

# छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती – आरक्षक (चालक) एवं आरक्षक (ट्रेडमेन) के ट्रेड टेस्ट की तिथियाँ घोषित

### रक्षित केन्द्र धमतरी में 17 से 19 नवम्बर तक होगा ट्रेड टेस्ट का आयोजन

### एसपी. आफिस धमतरी के सूचना पटल पर उम्मीदवार जाकर देख सकते हैं सूची में अपना नाम

धमतरी, लोकशक्ति संवाददाता।



छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय, नवा रायपुर द्वारा जिला पुलिस बल के आरक्षक संवर्ग में रिक्त पदों की सीधी भर्ती हेतु दिनांक 04.10.2023 को विज्ञापन जारी कर भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत आरक्षक (चालक) एवं आरक्षक (ट्रेडमेन) (इलेक्ट्रीशियन, टेलर, डी.आर., कुक, स्वीपर, धोबी, नाई एवं मोची) पदों हेतु पात्र अभ्यर्थियों का ट्रेड टेस्ट आगामी दिनांक 17 नवम्बर 2025, 18 नवम्बर 2025 एवं 19 नवम्बर 2025 को रक्षित केन्द्र, धमतरी में आयोजित किया जाएगा। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत आरक्षक (चालक) और आरक्षक (ट्रेडमेन) के पदों के लिए उम्मीदवार अपनी योग्यता का प्रदर्शन करेंगे। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक, चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न की जाएगी। अभ्यर्थियों को अपने निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर समय पर पहुंचने और सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाने के निर्देश दिए गए हैं। यह ट्रेड टेस्ट राज्य के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों – रायपुर, धमतरी, दुर्ग, खैरागढ़, बिलासपुर, रायगढ़, अम्बिकापुर, जगदलपुर एवं कोण्डागांव में निर्धारित स्थलों पर सम्पन्न होगा। ट्रेड टेस्ट परीक्षा ट्रेड टेस्ट एक व्यावहारिक परीक्षा है जो किसी विशिष्ट पेशे या व्यवसाय में व्यक्ति की योग्यता और कौशल का मूल्यांकन करती है। इसमें उम्मीदवार को अपने ट्रेड से संबंधित वास्तविक कार्य करना होता है, ताकि यह साबित किया जा सके कि वे नौकरी के लिए आवश्यक कौशल रखते हैं। इस टेस्ट का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि व्यक्ति के पास नौकरी को सुरक्षित और प्रभावी ढंग से करने के लिए आवश्यक दक्षता है। पुलिस अधीक्षक धमतरी का अभ्यर्थियों से अपील : यह एक सुनहरा अवसर है युवा अभ्यर्थियों के लिए, जो छत्तीसगढ़ पुलिस बल का हिस्सा बनकर प्रदेश की सेवा करने का सपना देखते हैं। सभी पात्र अभ्यर्थी समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें एवं परीक्षा में सर्वोत्तम प्रदर्शन हेतु समुचित तैयारी के साथ सम्मिलित हों।

**महत्वपूर्ण निर्देश :** ? केवल पात्र अभ्यर्थी ही ट्रेड टेस्ट में सम्मिलित हो सकेंगे। परीक्षा संबंधी विस्तृत दिशा-निर्देश, समय एवं आवश्यक दस्तावेज़ों की जानकारी संबंधित रेंज पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा में जिस जिले के परीक्षा केंद्र में म्मिलित हुए थे, उस जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय से भी ट्रेड टेस्ट से संबंधित जानकारी प्राप्त करें। अभ्यर्थी परीक्षा में भाग लेने हेतु समय से पूर्व स्थल पर पहुँचे एवं निर्धारित ड्रेस कोड व अनुशासन का पालन करें।

# आम नागरिकों के साथ पार्षदों को भी सुगम सेवा का फायदा होगा –संजय पांडे

### नया आधार सेवा केंद्र की हुई शुरूआत निगम में।



जगदलपुर, नगर पालिका निगम जगदलपुर में रविवार को नवीन आधार सेवा केंद्र (लोक सेवा केंद्र) एवं सीएससी का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महापौर संजय पांडे तथा नगर निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे। नया केंद्र शुरू होने से अब आधार कार्ड से संबंधित कार्यों के साथ-साथ आय, जाति, निवास, विवाह प्रमाण पत्र, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाएं, श्रम पंजीयन, ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड तथा अन्य सभी प्रकार की ऑनलाइन नागरिक सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। महापौर संजय पांडे ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में लंबे समय से आधार सेवा केंद्र की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नागरिकों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था। जिला प्रशासन से निरंतर प्रयासों और संवाद के बाद यह केंद्र स्थापित हो सका है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल सम्मानित पार्षदों बल्कि आम नागरिकों को भी त्वरित और सुगम सेवाओं का लाभ मिलेगा. इस शुभारंभ अवसर पर मुख्य रूप से एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, संग्राम सिंह राणा, पार्षद आशा साहू, पूनम सिन्हा, उर्मिला यादव, गीता नाग, सूरज श्रीवास्तव, गोविन्द पप्पू वर्मा, रजनीश सिन्हा, अशोक तिवारी, रितेश सिन्हा, लोक सेवा केंद्र के संचालक सुप्रीयो मुखर्जी उपस्थित रहे।

# विधायक सुनील ने खेल महोत्सव का शुभारंभ किया

रायपुर - संवाददाता



रायपुर लोकसभा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल के निर्देषानुसार रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न जोनो के समूह बनाकर भारत गणराज्य के यषस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मंषानुसार फ ीट इंडिया मूव्हमेंट के अंतर्गत रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का आज से शुभारंभ गोगांव स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान, माघवराव सप्रे स्कूल मैदान, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जे.एन. पाण्डेय उच्चतर माध्यमिक शाला मैदान, नेताजी सुभाष स्टेडियम में शुभारंभ हो गया।

यहां 19 वर्ष आयु से कम एवं 19 वर्ष आयु से अधिक वर्ग की महिला पुरूष टीमो की कबड्डी खो-खो, वॉलीबाल, बास्केट बॉल, कुष्ती, फुगड़ी, गेड़ी आदि पारंपरिक खेल में स्पर्धाएं रोचक तरीके से प्रारंभ हुई। 13 खेल विधाओं में 4-4 टीमें आपस में खेल स्पर्धाएं 19 नवंबर तक करेंगी एवं जानकारी दी गई कि रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव में फाइनल ग्रैण्ड फिनाले 29 नवंबर 2025 को सांसद के निर्देषानुसार रखा गया है।

आज माघव राव सप्रे स्कूल मैदान , नेताजी सुभाष स्टेडियम, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, जे.एन. पाण्डेय उच्चतर माध्यमिक शाला मैदान में पहुंचकर रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने रायपुर नगर निगम के सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़ , नगर निगम जोन4 जोन अध्यक्ष श्री मुरली शर्मा, ब्राम्हणपारा वार्ड पार्षद श्री अजय साहू की उपस्थिति में रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया एवं मैदान में पहुंचकर स्पर्धा कर रहे खिलाडियो से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इसी प्रकार रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू ने गोगांव स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान पहुंचकर बिरगांव नगर निगम के महापौर श्री नंदकुमार देवांगन, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री नंदकुमार साहू, रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति श्री सूर्यकांत राठौड़, नगर निगम खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अध्यक्ष श्री नंदकिषोर साहू, पार्षद डॉ. मनमोहन मनहरे, श्रीमती अंबिका साहू, श्री सोहन साहू, श्री राजेष देवांगन, रायपुर ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि श्री अर्जुन साहू की उपस्थिति में रायपुर सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ किया एवं महोत्सव के आयोजन हेतु सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी ।

रायपुर दक्षिण विधायक श्री सुनील सोनी ने कहा कि स्कूल के बच्चे और युवा जन जीवन में खूब खेले कूदे और आगे बढ़े और वे खेलकर रायपुर शहर और छत्तीसगढ़ राज्य का नाम देष में रौषन करें। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर लोकसभा सांसद खेल महोत्सव को भव्य स्वरूप खिलाडियो एवं युवाओ सहित नागरिको के कल्याणार्थ दिया है ताकि यषस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मंषा अनुसार स्कूली बच्चे युवा नागरिक खेलो से जुडकर जीवन में स्वस्थ रहरक नाम रौषन कर सके। खेलो की लोकप्रियता देष में इतनी व्यापक है कि पुराने जमाने में जो कहावत कही जाती थी वह अब बदल गई है। अब लोग कहते है कि पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब और खेलोगे कूदोगे तो भी बनोगे नवाब खिलाडी युवाओ को शासकीय सेवाएं शीघ्र लग जाती है इससे उनका पढाई कार्य में मन लगता है और वे ध्यान केन्द्रित कर पाते है। बच्चे और युवा खेलेंगे तो शहर राज्य और देष स्वस्थ होगा और भविष्य उज्जवल होगा। अच्छा खेलने वाले श्रेष्ठ खिलाडियो का सम्मान किया जायेगा।

## एसआईआर के गणना पत्रक में 2003 की मतदाता सूची में नाम होने की जानकारी से मतदाता भ्रमित

**o बीएलओ ने पौने दो करोड़ गणना पत्रक बांट दी**

**o कांग्रेस एवं भाजपा के लिए बना सिरदर्द**




रायपुर, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर को लेकर गणना पत्रक इस समय बीएलओ द्वारा घर घर में बांटे जा रहे है लेकिन अब गणना पत्रक को लेकर यहां पर कई सवाल पैदा होते जा र हे है इसमें 2003 की मतदाता सूची की पूर्ण विवरण देना है। जिसकों लेकर अब मतदाता भी भ्रम की स्थिति में आ गये है।

मिली जानकारी के अनुसार भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस समय छग सहित अन्य राज्यों में एसआई आर मतगणना गहन पुनरीक्षण का काम शुरू कर दिया गया है लेकिन इसमें कई सारे विवरण मांगे गये हैं। बीएलओ द्वारा यहां पर 32 प्रतिशत मतदाओं को गणना पत्रक दिया जा चुका है। प्रदेश के सभी मतदाताओं को बीएलओ घर घर पहुंचकर यह फार्म दे रहे हैं। लेकिन इसमें सबसे बड़ी बाधा इसके मतदाता सूची को लेकर है। मतादाता को 2003 में मतदाता सूची का विवरण मांगा गया है। जिसके चलते अब मतदाता भ्रमित हो गये हैं।

मतदाताओं के अनुसार पहले रायपुर शहर में 2003 में रायपुर शहर और ग्रामीण दो विधानसभा क्षेत्र होते थे। जबकि अब चार विधानसभा क्षेत्र उत्तर दक्षिण, पश्चिम, ग्रामीण क्षेत्र हो गया है। इन सभी विस की सीमा अलग अलग हो गई है। इस समय मतदाता सूची 2003 में नाम खोजने के लिए लोग कंप्यूटर तथा इंटरनेट का सहारा ले रहे है। यह काम अब भाजपा तथा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लिए सिरदर्द बनते जा रहे है। जिससे मतदाता परेशान हो गये है।

## रायपुर-मुंबई हवाई सफर होगा और सुगम, इंडिगो 1 फरवरी से शुरू करेगी चौथी फ्लाइट




**रायपुर,** नए साल से रायपुर से मुंबई की हवाई यात्रा और सुविधाजनक होने जा रही है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इंडिगो एयरलाइंस 1 फरवरी से रायपुर-नवी मुंबई के बीच चौथी फ्लाइट शुरू करने जा रही है, जो दोपहर के शेड्यूल में संचालित होगी। वर्तमान में रायपुर-मुंबई रूट पर तीन निजी उड़ानें चल रही हैं, लेकिन इनका किराया अक्सर 10 हजार रुपए से ऊपर रहता है और सीजन में यह दोगुना से ढाई गुना तक बढ़ जाता है। नई उड़ान के शुरू होने से यात्रियों को अधिक विकल्प और उपयुक्त समय उपलब्ध होगा। दो साल पहले एयर इंडिया की मुंबई-रायपुर-विशाखापट्टनम फ्लाइट बंद होने के बाद चौथी कनेक्टिविटी खत्म हो गई थी, जिसे अब इंडिगो पुनः बहाल कर रहा है।

नई फ्लाइट 6ई 2283 नवी मुंबई से दोपहर 12.50 बजे रवाना होकर 2.35 बजे रायपुर पहुंचेगी, जबकि वापसी की फ्लाइट 6ई 22844 रायपुर से 3.05 बजे टेकऑफ कर शाम 5.05 बजे मुंबई लैंड करेगी। यह समय व्यापारियों, छात्रों और मेडिकल यात्रियों के लिए लाभदायक माना जा रहा है। फिलहाल रायपुर से मुंबई की उड़ानें सुबह 8.40, 9.40 और शाम 5.35 बजे संचालित होती हैं। वहीं, 20 नवंबर को मुंबई एयरपोर्ट पर वार्षिक रनवे रखरखाव के चलते सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक उड़ान संचालन बंद रहेगा, जिसके कारण कई उड़ानें री-शेड्यूल या स्थगित होंगी और रायपुर आने-जाने वाली एक फ्लाइट भी प्रभावित रहेगी।

## अवैध शराब बिक्री एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वाले के ऊपर पर कार्यवाही

**आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) एवं 01 आरोपी के विरूद्ध 36(च) आबकारी एक्ट तहत की गई कार्यवाही**

**वाद विवाद कर शांति भंग करने वाले 03 बदमाशो के विरूद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही**

राजनांदगांव, संवाददाता




पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में जिले मे अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही मे आज दिनांक 16.11.25 को गठुला नाला श्मशान घाट के पास अवैध शराब बिक्री की सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी नूतन निर्मलकर पिता संजय निर्मलकर उम्र 24 साल साकिन गौरीनगर ओपी चिखली जिला राजनांदगांव के कब्जे से 17 पौवा हृङ्क ख्क्षस्ज्ञह ञ्ञक्ष ड्ड।ढ्डस्यड्ड शराब जुमला मात्रा 3060 एमएल किमती 2040 रूपये एवं बिक्री रकम 200 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत् विधिवत कार्यवाही किया गया। एवं इसी प्रकार अभियान कार्यवाही मे सार्वजनिक स्थान पार्षद गली वार्ड नं. 03 मोतीपुर मे शराब पीने वाले आरोपी विष्णु महिलांग पिता ईश्वरी महिलांग उम्र 21 साल साकिन मोतीपुर वार्ड नं. 03 ओपी चिखली जिला राजनांदगांव के विरूद्ध धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत् विधिवत कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार अभियान कार्यवाही के तहत चौकी चिखली मे आम जनता की शिकायतो के आधार पर अलग अलग टीम गठित कर बदमाशो पर अंकुश लगाने हेतु पेट्रोलिंग कार्यवाही किया जा रहा है आज दिनांक 16.11.25 को दौरान अभियान के तहत् झगड़ा विवाद कर अशांति फैला रहे बदमाश 1.गुमान उर्फगोलु निषाद पिता पुनाराम निषाद उम्र 28 सला साकिन शांतिनगर गली नं. 03 ओपी चिखली जिला राजनांदगांव, 02. विष्णु महिलांग पिता ईश्वरी महिलांग उम्र 21 साल, 03. ईश्वरी महिलांग पिता गैंदलाल महिलांग उम्र 32 साल दोनो साकिनान मोतीपुर वार्ड नं. 03 ओपी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग. के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 170,126,135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर मान.न्यायालय राजनांदगांव पेश किया गया । टीपः- क्षेत्र मे शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु गुण्डा, बदमाश, असमाजिक तत्वो पर विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी । उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक कैलाश चन्द्र मरई, सउनि शत्रुहन टण्डन, प्र.आर. अरूण कुमार नेताम, म.प्र.आर. वंदना पटले, धनसिर भुआर्य, आर0 आदित्य सोलंकी, सुनील बैरागी, गोपाल पैकरा, नागेश्वर साहू, जयराम निषाद, तामेश्वर भुआर्य एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

## एसआईआर के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व सांसद लेह (लद्दाख) जामयांग सेरिंग नामग्याल 6 दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर

रायपुर, (आरएनएस)।

एसआईआर के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व सांसद लेह (लद्दाख) जामयांग सेरिंग नामग्याल अपने 6 दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आ रहे हैं। अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रभारी जामयांग सेरिंग नामग्याल 16 नवंबर को राजधानी रायपुर पहुंचेंगे और शाम 6:00 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एसआईआर प्रदेश टोली की बैठक लेंगे। 17 नवंबर को कोंडागांव में संभागीय बैठक को संबोधित करेंगे वहीं 18 नवंबर को रायपुर संभाग की बैठक लेंगे। 19 नवंबर को बिलासपुर 20 नवंबर को दुर्ग एवं 21 नवंबर को सरगुजा संभाग की संभागीय बैठक को संबोधित करेंगे।

## लाइफलाइन ग्लोबल फाउंडेशन रायपुर में एमएमयू का नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 95 नागरिकों की ओपीडी जाँच

**जनप्रिय स्वास्थ्य हितकारी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की मोबाइल मेडिकल यूनिट (दाई दीदी क्लीनिक) द्वारा स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदत्त 0**

लोकशक्ति



**रायपुर** - छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साव के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में महापौर श्रीमती मीनल चैबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर जनप्रिय स्वास्थ्य हितकारी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत लगाए जा रहे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों की कड़ी में लाइफलाइन ग्लोबल फाउंडेशन रायपुर शाखा में एक महत्वपूर्ण सामाजिक पहल के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया गया।

यह शिविर केंद्र की सिक्योरिटी ऑफिसर श्रीमती पी. अनुराधा राव के प्रयासों से छत्तीसगढ़ शासन की जनप्रिय लोक स्वास्थ्य हितकारी मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) द्वारा एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर काजल शर्मा की निगरानी में लगाया गया। शिविर में मुख्य भूमिका निभाते हुए डॉ. तिलेश्वरी वर्मा ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। फार्मासिस्ट नंदिनी साहू, लैब टेक्नीशियन प्रियंका यादव, नर्स नेहा निर्मलकर ने सहयोग प्रदान किया। शिविर में लाइफलाइन फाउंडेशन के सभी स्टाफ, प्रशिक्षु (स्टूडेंट्स) और आसपास के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा प्रदान की गई निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। शिविर में कुल 95 नागरिकों की ओपीडी जाँच की गई, जिनमें से 17 नागरिकों के लैब टेस्ट किए गए। साथ ही 78 नागरिकों को दवाइयों का वितरण किया गया। सभी लाभार्थियों को सामान्य स्वास्थ्य जांच, आवश्यक परामर्श और उपचार प्रदान किया गया।

लाइफलाइन ग्लोबल फाउंडेशन रायपुर की सेंटर हेड ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा - ÷हम छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित एमएमयू टीम के समस्त सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने हमारे केंद्र में आकर यह निःशुल्क सेवा उपलब्ध कराई। इससे हमारे स्टाफ, छात्रों और स्थानीय नागरिकों को अत्यधिक लाभ हुआ।÷ यह स्वास्थ्य शिविर न केवल स्वास्थ्य-जागरूकता बढ़ाने में सहायक रहा, बल्कि नागरिकों को सुलभ और त्वरित चिकित्सा सुविधा प्रदान करने का एक सराहनीय प्रयास भी साबित हुआ।

## धान खरीदी के दौरान काम से मना करने पर 4 के खिलाफ एफआईआर

### सरकार ने धान खरीदी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों पर एस्मा लगाया



**रायपुर,** छत्तीसगढ़ में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। धान खरीदी में ड्यूटी लगाने के बाद भी काम नहीं करने वाले 4 ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने की खबर है। एस्मा के नियमों की अनदेखी करने पर रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर सख्ती बरती गई है। जल्द इन अधिकारियों की गिरफ्तारी हो सकती है।

बता दें कि सहकारी समितियों के कर्मचारी चार सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। धान खरीदी प्रभावित न हो, इसके लिए सरकार ने धान खरीदी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों पर एस्मा लगाया है। धान खरीदी के दौरान काम से मना करने पर कानूनी कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ये 4 अधिकारी किसी भी तरह का काम नहीं कर रहे थे। साथ ही काम करने वाले दूसरे अधिकारियों को भी रोक रहे थे, जिसके चलते चार ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने की खबर सामने आई है।

**पहले दिन 19464 क्विंटल धान की खरीदी**

धान खरीदी के पहले दिन प्रदेश में आज कुल 195 उपार्जन केन्द्रों में 19464 क्विंटल धान का उपार्जन किसानों से किया गया। शासन द्वारा राज्य के 2,739 उपार्जन केन्द्रों में खरीदी संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि सहकारी समितियों के कर्मचारियों द्वारा आंशिक रूप से हड़ताल पर जाने से उपार्जन प्रभावित होने की संभावना उत्पन्न हुई थी, जिसे शासन के निर्देश पर विपणन संघ द्वारा आउटसोर्सिंग के माध्यम से 2,739 डेटा एंट्री ऑपरेटरों की व्यवस्था कर सुचारू रूप से धान उपार्जन सुनिश्चित किया गया। कई जिलों में सहकारिता विभाग के कर्मचारियों ने भी धान उपार्जन की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए खरीदी कार्य को निरंतर बनाए रखा।

**धान खरीदी में संलग्न कर्मचारियों के लिए एस्मा लागू**

शासन द्वारा धान खरीदी में संलग्न कर्मचारियों को अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979 के तहत अधिसूचित कर तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है, जिससे उपार्जन प्रक्रिया निर्बाध रूप से संचालित रहे। इस वर्ष धान उपार्जन को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी एवं किसान उन्मुख बनाने के लिए उपार्जन केन्द्रों में ऑनलाइन टोकन एवं तुंहर टोकन प्रणाली को व्यापक रूप से लागू किया गया है। आज प्रदेश में जारी हुए कुल 2,029 टोकन में से 1,912 किसानों द्वारा तुंहर टोकन के माध्यम से आवेदन किया गया। इसके अतिरिक्त, किसान समिति स्तर पर भी टोकन हेतु आवेदन कर सकते हैं। लघु एवं सीमांत किसानों को अधिकतम 2 टोकन तथा दीर्घ किसानों को अधिकतम 3 टोकन की सुविधा प्रदान की गई है।

**केंद्रों में नोडल अधिकारियों की लगाई गई है ड्यूटी** किसानों के विश्राम के लिए छाया, पीने के पानी तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सभी उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध कराई गई है। जिला अधिकारियों को किसानों की सुविधा और खरीदी संचालन से संबंधित आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक उपार्जन केन्द्र में केंद्र प्रभारी के अतिरिक्त नोडल अधिकारी की भी ड्यूटी लगाई गई है, जिनके नाम और फ ोन नंबर केन्द्रों में प्रदर्शित कर दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की असुविधा की स्थिति में किसान नोडल अधिकारी से तुरंत संपर्क कर सकते हैं, और समस्याओं का समाधान तत्काल किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश स्तर पर हेल्पलाइन 1800 233 3663 के माध्यम से भी शिकायतें एवं जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

**अनियमितता पाए जाने पर होगी कड़ी कार्रवाई** धान खरीदी पूर्णतः आधार-आधारित है, जिसके अंतर्गत किसानों को बायोमेट्रिक पहचान के माध्यम से धान विक्रय करने की सुविधा दी गई है। प्रक्रिया को अधिक दक्ष एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से खाद्य विभाग द्वारा राज्य स्तरीय उड़नदस्ते गठित किए गए हैं, जो सतत् औचक निरीक्षण करते हुए उपार्जन में संभावित अनियमितताओं पर नियंत्रण रखेंगे तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

## एटीएम बूथ में पसरा कागजी कचरा, सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**रायपुर,।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के मठपुरैना वार्ड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एक एटीएम बूथ में कागजी कचरा बिखरा रहने से नागरिकों में नाराज़गी है। यह बूथ एक छोटे से कमरे में बना है और आज सुबह ली गई तस्वीर में अंदर जगहङ्कजगह फैला कचरा साफ दिखाई देता है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि यहां अक्सर इसी तरह गंदगी रहती है, जिससे पैसे निकालने आने वालों का मन खिन्न हो जाता है। बूथ की सफाई व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह पता ही नहीं चलता कि सफाई कब और कौन करता है। सुरक्षा के नाम पर बूथ के बाहर कोई गार्ड भी नज़र नहीं आता। अनुमान लगाया जा रहा है कि बूथ छोटा होने के कारण गार्ड की तैनाती नहीं की गई होगी, लेकिन वजह चाहे जो भी हो—यह स्थिति बैंक प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाती है। आखिरकार मशीन में पैसे डालने बैंक का कर्मचारी तो आता ही है, ऐसे में सफ ाई पर ध्यान देना आवश्यक है। स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों का कहना है कि डिजिटल युग में लगभग हर व्यक्ति एटीएम कार्ड का उपयोग करता है। ऐसे में मोहल्लों में एटीएम बूथ होना तो सुविधाजनक है, लेकिन बूथ पर्याप्त बड़े, साफ-सुथरे और सुरक्षित भी होने चाहिए। कचरा फैलने के लिए जहां एक ओर बैंक की सफाई व्यवस्था ज़िम्मेदार है, वहीं नागरिकों का व्यवहार भी अहम है। कई लोग एटीएम से पैसे निकालने के बाद निकली पर्ची को बूथ के भीतर ही फेंक देते हैं। बूथ में रखा छोटा-सा डस्टबिन पूरी तरह भरा था और बाहर एटीएम स्लिप्स के साथ कई तरह के बेकार कागज़ बिखरे पड़े थे। हालांकि शहर के सभी बूथों की यही स्थिति नहीं है—कई जगहों पर एटीएम अत्यंत साफ-सुथरे और व्यवस्थित भी पाए जाते हैं।

## संपादकीय

# अल-फलाह यूनिवर्सिटी कैसे दहशतगर्दों का अड्डा बना

अल फ्लाह यूनिवर्सिटी के डॉक्टर्स की साज़िश कितनी भयानक थी, इसे लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। डॉक्टर मुजम्मिल की डायरी में तबाही का सीक्रेट प्लान मिला। उसकी गर्लफ्रेंड डॉक्टर शाहीन की डायरी में लड़कियों को रिक्रूट करने के लिए ÷ऑपरेशन हमदर्द÷ की डिटेल मिली। दहशत फैलाने के लिए आठ डॉक्टर्स की चार टीमें बनाई गई थीं। चार गाड़ियां खरीदी गई थी। बारूद का इंतज़ाम हो गया था। डेटोनेटर्स भी पहुंच गए थे। ब्लास्ट की तारीखें भी तय कर दी गई थीं। 6 दिसंबर को अयोध्या में और 26 जनवरी को दिल्ली में ब्लास्ट होना था। वाराणसी और लखनऊ भी आतंकवादियों के निशाने पर थे लेकिन पुलिस इस गिरोह के 4 सदस्यों तक पहुंच गई, इसीलिए 'व्हाइट कॉलर मॉड्यूल' की सारी प्लानिंग फेल हो गई।




## सब कुछ मोदी-शाह के प्रबंधन

हरिशंकर व्यास

और आईने में वही है जो लालू, राबड़ी और नीतीश का 45 साला जंगल राज है! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डबल इंजन सरकार, विकसित भारत का चाहे जितना शोर बनवाएं वह सब बिहार में धूल है! मैंने 1984 के लोकसभा चुनाव से बिहार को कवर करते करते 45 साल खपा दिए पर यह शाश्वत सत्य यथावत है कि बिहार कभी नहीं बदल सकता और भारत भी नहीं! लालू-राबड़ी को अफसर (जैसे राजबाला वर्मा) चलाते थे वैसे नीतीश कुमार को दीपक कुमार आदि चलाते आए हैं। वैसे ही नरेंद्र मोदी को पीके मिश्रा, डोवाल, जयशंकर आदि अफसर। नीतीश ने खुद को, बिहार को सोशल इंजीनियरिंग में जर्जर बनाया तो नरेंद्र मोदी ने धर्म-जात की डबल इंजीनियरिंग में भारत को जर्जर!

पचास सालों से (जेपी आंदोलन के हल्ले से) बिहार में सामाजिक क्रांति देख रहा हूं। मगर उसी अनुपात में समाज पहचान की भूख का नशेड़ी बना रहा है। विकास नाम की चिड़िया कही नहीं। सब पॉवर, पहचान, गरीबी की तमाम दरिद्रताओं में जी रहे हैं। पचास साल पहले भी दिवाली-छठ पर लोग रेल-बस में कैटल क्लास की तरह आते जाते थे तो इस दफा भी छठ से पहले पूरे देश में बिहार के लोग वैसी ही नियति में सफर करते दिखे।

नरेंद्र मोदी-अमित शाह की उपलब्धि है जो जात के संग धर्म और पैसे की इंजीनियरिंग में भी लोगों को बांध दिया। दिमागी जड़ता में अंधविश्वासों व बाजार की नई धार बनाई। प्रदेश के धंधों-ठेकेदारी में बालू माफिया को छोड़ बाकी क्षेत्रों में अब दक्षिण भारत या गुजराती सेठ ठेकेदार-व्यापारियों का बाजार पर कब्जा है। मुनाफे-भ्रष्टाचार के आयाम क्योंकि भरपूर हैं तो इसकी बदौलत सड़कों के जाल, बिजली की सप्लाई और सुरसा जैसी फैली आबादी का बाजार चमचमाता हुआ है। लेकिन न उसमें 'मेड इन बिहार' है और 'न मेड इन भारत' और न लोकल रोजगार!

बिहार की खूबी अब शिक्षा (कभी हुआ करती थी), राजनीतिक चेतना नहीं है, बल्कि बेगारी, बेरोजगारी और जातियों के नए-नए झंडारोहण हैं! इस सबसे ऊपर बिहार का वोट की मंडी में कनवर्ट होना है। कभी बिहार बुद्ध से लेकर आजादी के आंदोलन, माओवादी विचारों, समाजवादी विचारों, जेपी आंदोलन, संपूर्ण क्रांति, मंडल क्रांति में दिमागी फितरत लिए होता था। अब वह मंडी है, जिसमें मोदी-नीतीश सरकार ने नकद पैसा बांट कर बिहारियों में नई सियासी बारहखड़ी सिखलाई है। घर-घर नोट के बदले वोट का विमर्श है। मतलब बालू के ठेकेदारों, शराब के ठेकेदारों, जाति-उपजातियों के ठेकेदारों, धर्म के ठेकेदारों के बाद बिहार की नई राजनीति का नाम है दो हजार, पांच हजार, दस हजार रुपए बांट कर पांच साल के लिए वोटों की खरीदारी का पुख्ता दर्शन!

तभी मेरा मानना है विधानसभा चुनाव का फैसला जात-पांत की बजाय वोट बाजार से होगा। इस बाजार में न राहुल गांधी की जाति जनगणना का अर्थ है न तेजस्वी-मुकेश सहनी के समीकरणों का और न नीतीश कुमार की सोशल इंजीनियरिंग का। प्रशांत किशोर के कथित जन सुराज का तो खैर रत्ती भर अर्थ नहीं है। सब कुछ मोदी-शाह के प्रबंधन, रेवड़ियों, नोट और वोट की गणित में होगा! चाहे तो इसे बिहार का विकसित आईना मानें!

**यह निजी विचार है।**

# बिहार का जनादेश और भारतीय राजनीति का उभरता परिदृश्य



**हरदीप सिंह पुरी**
केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार

बिहार की जनता ने एक ऐसा जनादेश दिया है, जिसका महत्व सीटों के गणित से कहीं आगे जाता है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने विधानसभा की 243 सीटों में से 202 सीट पर जीत दर्ज की है, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने अकेले 89 सीटें हासिल की हैं, जो राज्य में पार्टी का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। दशकों तक विभिन्न गठबंधनों के तहत बिहार की राजनीति पर अपना दबदबा बनाए रखने के बाद, महागठबंधन अब सिर्फ़34 सीटों पर सिमट गया है। 7.4 करोड़ से ज़्यादा पंजीकृत मतदाताओं में से 67.13 प्रतिशत ने मतदान किया। यह चुनाव राज्य के हाल के इतिहास में सबसे कड़े मुक़ाबले वाले चुनावों में से एक सिद्ध हुआ है और चुनाव परिणामों ने वास्तविक लोकतांत्रिक गहराई को रेखांकित किया है।

वर्षों तक, बिहार पर व्यक्त किये गए विचारों में राज्य को समय के प्रवाह में एक रुका हुआ राज्य मान लिया गया था। चुनावों को जातिगत अंकगणित की कवायद माना जाता था और सामाजिक जनसांख्यिकी को राजनीतिक नतीजों में तब्दील कर दिया जाता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, भारतीय राजनीति का परिदृश्य निर्णायक रूप से विकास, समावेश और राज्य क्षमता के रूप में बदल गया है तथा बिहार के मतदाताओं ने इस बदलाव को लेकर पूरी स्पष्टता से जवाब दिया है। 2025 के परिणाम एक ऐसे मतदाता को इंगित करते हैं, जिसकी आकांक्षा बड़ी है और जिसने असुरक्षा व पक्षाघात वाले बिहार तथा बेहतर शासन वाले बिहार के बीच के अंतर को महसूस किया है। कई नागरिकों ने बातचीत में और मतदान के पैटर्न में व्यक्त किया है कि 2024 के आम चुनाव में अपेक्षा से कम समर्थन के बाद यह चुनाव जिम्मेदारी की भावना लेकर आया है। लोगों ने अपने निष्कर्ष निकाले हैं कि वे देश की व्यापक यात्रा में बिहार को कहाँ देखना चाहते हैं।

बेहतर शासन ने इस परिवर्तन को आधार प्रदान किया है। पिछले एक दशक में, बिहार में 55,000 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़कों का निर्माण या उन्नयन हुआ है, जो गांवों को बाजारों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़ती हैं। केंद्रीय योजनाओं और राज्य कार्यक्रमों के संयोजन के माध्यम से लाखों परिवारों को बिजली, पेयजल और सामाजिक सुरक्षा प्राप्त हुई है। सौभाग्य और उससे जुड़ी पहलों के तहत, बिहार में 35 लाख से ज़्यादा घरों का विद्युतीकरण किया गया, जिससे राज्य सार्वभौमिक घरेलू बिजली आपूर्ति के करीब पहुँच गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत, बिहार के लिए 57 लाख से ज़्यादा पक्के घर स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से कई महिलाओं के नाम पर पंजीकृत हैं। ये आँकड़े उन ठोस बदलावों की ओर इशारा करते हैं, जिन्हें लोग देख और अनुभव कर सकते हैं: एक बारहमासी सड़क, एक जलती रहने वाली रोशनी, एक नियमित पेयजल आपूर्ति करने वाला नल तथा एक ऐसा घर, जो सम्मान प्रदान करता हो।

जैसे-जैसे इन सार्वजनिक कल्याण कार्यक्रमों का विस्तार हुआ, पुरानी शक्तियों की पकड़ ढीली होती गयी। बिहार का समाज विविधतापूर्ण और बहुस्तरीय है, फिर भी चुनावी लिहाज़ से यह बहुस्तरीय समाज अपने समुदायों तक सीमित नहीं रहा। विभिन्न समुदायों की महिलाएँ अब सुरक्षा, आवागमन और अवसर को लेकर एक जैसी अपेक्षाएँ रखती हैं। कभी सामाजिक पदानुक्रम के विपरीत छोर पर खड़े परिवारों के युवा अब खुद को एक ही कोचिंग क्लास और श्रम बाज़ार में पाते हैं। उनके रोज़मर्रा के अनुभव उन्हें आकांक्षाओं के एक साझा दायरे में ले आते हैं। उस दायरे में, वे राजनीति से रोज़गार, अवसंरचना, स्थिरता और निष्पक्षता जैसे सवाल पूछते हैं।




इस जनादेश ने वंशवाद-केंद्रित राजनीति पर भी एक स्पष्ट संदेश दिया है। पारिवारिक करिश्मे और विरासत में मिले नेटवर्क पर निर्भर रहने वाली पार्टियों का विधायी दायरा तेज़ी से सिकुड़ रहा है। बिहार ने कई दशकों से ऐसे गठबंधनों को करीब से देखा है और उनकी सीमाओं को समझा है। 2025 के नतीजे बताते हैं कि मतदाता इस बात पर गौर कर रहे हैं कि नेता सरकार में कैसा व्यवहार करते हैं, संकट के समय में उनकी प्रतिक्रिया कैसी होती है, संस्थाओं के साथ कैसे व्यवहार करते हैं और सार्वजनिक संसाधनों का किस रूप में उपयोग करते हैं। व्यापक राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में पारिवारिक पृष्ठभूमि मौजूद है, लेकिन वहाँ भी कड़ी मेहनत, संगठनात्मक क्षमता और सेवा के रिकॉर्ड से जुड़ी माँगें उन्हें बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करती हैं।

युवा मतदाताओं का व्यवहार इस बदलाव का मूल तत्व है। बिहार भारत की सबसे युवा जनसांख्यिकीय आबादी वाले राज्यों में से एक है और 2000 के बाद जन्म लिए लाखों नागरिकों ने इस चुनाव में मतदान किया है। वे ऐसे भारत में पले-बढ़े हैं जहाँ एक्सप्रेसवे, डिजिटल भुगतान, प्रतिस्पर्धी संघवाद और महत्वाकांक्षी कल्याणकारी योजनाएँ अपेक्षाओं को आकार देती हैं। वे राज्यों की तुलना करते हैं, घोषणाओं पर नज़र रखते हैं और नेताओं का मूल्यांकन इस आधार पर करते हैं कि वादे कितनी तेज़ी से कार्यान्वित होते हैं। उनके लिए, समय पर बनी सड़क और कभी फ़ाइल से बाहर न आने वाली सड़क के बीच का अंतर समझना कोई कठिन बात नहीं है। वे हर दिन उस अंतर का अनुभव करते हैं जब वे कॉलेजों, कोचिंग सेंटर या कार्यस्थलों पर आते-जाते हैं, या जब वे अपने परिवारों को परिवहन संपर्क-सुविधा और कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होते देखते हैं।

यह पीढ़ी राष्ट्रीय एकजुटता के लिए भी एक तीव्र प्रवृत्ति रखती है। युवा मतदाता ऐसी बयानबाजी के प्रति सतर्क रहते हैं, जो संस्थानों को कमज़ोर करती हैं, अलगाववादी भावनाओं को भड़काती हैं या राष्ट्रीय सुरक्षा को कम महत्व देती हैं। वे बेरोज़गारी और असमानता सहित नीतिगत बहसों में आलोचनात्मक रूप से शामिल होते हैं, फिर भी वे गणतंत्र को बेहतर बनाने वाली आलोचना और देश की एकजुटता के प्रति उदासीन आख्यानों के बीच एक रेखा खींचते हैं। बिहार का जनादेश इसी अंतर को प्रतिबिंबित करता है। मतदाताओं ने एक ऐसे राजनीतिक गठबंधन को अपना समर्थन दिया है, जो विकास और राष्ट्रीय उद्देश्य दोनों को असाधारण स्पष्टता के साथ व्यक्त करता है।

कानून-व्यवस्था एक अन्य व्याख्या प्रस्तुत करती है। बिहार के चुनाव कभी बूथ कब्जे और हिंसा से जुड़े होते थे। हाल के वर्षों में, और खासकर इस चुनावी दौर में, ये छवियाँ काफी हद तक धुंधली पड़ गई हैं। कड़े सुरक्षा उपायों और आर्थिक विकास के संयुक्त प्रभाव से उग्रवाद कमजोर पड़ा है। व्यापारी अब अपनी दुकानें ज़्यादा देर तक खुली रखते हैं, छात्र ज़्यादा आत्मविश्वास से यात्रा करते हैं और परिवार निश्चिंत होकर सार्वजनिक जीवन का अनुभव करता है। जिस मतदाता ने इन सुधारों को देखा है, वह अपने प्रतिनिधियों को चुनते समय इसे नज़रअंदाज़ नहीं कर सकता।

इन घटनाक्रमों पर विपक्ष के कुछ हिस्सों की प्रतिक्रिया चौंकाने वाली रही है। अपने समर्थन में आई कमी के कारणों पर विचार करने के बजाय, कुछ नेता चुनाव आयोग, मतदाता सूचियों या पूरी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर ही संदेह व्यक्त कर रहे हैं। यह रवैया बिहार के मतदाताओं की बुद्धिमत्ता के साथ न्याय नहीं करता। यह इस तथ्य की भी अनदेखी करता है कि इसी संस्थागत व्यवस्था ने अन्य राज्यों में विपक्ष के पक्ष में भी नतीजे दिए हैं। मतदाता उस व्यवस्था की निंदा करने के बजाय अपनी चिंताओं के साथ अधिक गंभीर जुड़ाव की अपेक्षा करता है जिसका उसने अभी इतने उत्साह से इस्तेमाल किया है।

व्यापक राष्ट्रीय और वैश्विक संदर्भ में, बिहार का जनादेश एक उभरते हुए पैटर्न को मजबूत करता है। ऐसे समय में जब कई लोकतंत्र ध्रुवीकरण, आर्थिक कठिनाई और संस्थागत थकान से जूझ रहे हैं, भारत ने उच्च भागीदारी, स्थिर नेतृत्व तथा विकास, समावेश और राष्ट्रीय शक्ति पर केंद्रित नीति मार्ग पर आगे बढ़ना जारी रखा है। बिहार के परिणाम, इस विकास-पथ के लिए लोकतांत्रिक समर्थन की एक और परत जोड़ते हैं। राजनीतिक रूप से भारत के सबसे जागरूक राज्यों में से एक के मतदाता महसूस करते हैं कि उनकी प्रगति, 2047 तक एक विकसित और आत्मविश्वास से भरे भारत की ओर देश की बड़ी यात्रा के साथ जुड़ी हुई है।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के लिए यह जनादेश प्रोत्साहन और निर्देश दोनों है। यह अवसंरचना, कल्याणकारी सेवा अदायगी और सुरक्षा पर जोर को मान्यता देता है, लेकिन यह तेजी से रोजगार सृजन, गहन सुधारों और निरंतर संस्थागत सुधार की उम्मीदों को भी सामने रखता है। विपक्ष के लिए, यह जनादेश रणनीति, नेतृत्व और कार्यक्रम के बारे में गंभीर सवाल खड़े करता है। बिहार के मतदाताओं ने संकेत दिया है कि वे शासन, गंभीरता और राष्ट्रीय एकता के प्रति सम्मान पर आधारित राजनीति की उम्मीद करते हैं। ये उम्मीदें आने वाले वर्षों में भारतीय राजनीति का परिदृश्य तय करेंगी।

# सोशल मीडिया, रील्स के नशे में जी रही भारत की युवा

हरिशंकर व्यास

पर सवाल यह है कि क्या हम बाँझ हो रहे हैं या हो चुके हैं? और उससे भी बड़ा सवाल यह कि बाँझ होना आखिर है क्या? मेरा मानना है, बाँझपन को केवल स्त्री या पुरुष की संतान उत्पन्न करने की अक्षमता के अर्थ में नहीं, बल्कि बंजरता, अनुत्पादकता, नाकाबिलियत और असमर्थता के उस गहरे अर्थ-भाव में समझना चाहिए जहाँ जीवन केवल चलता है, पर कुछ रचता नहीं। हम इसकी प्रक्रिया में हैं! और 'हम' का अर्थ? हम हिंदू! हिंदू समाज, उसकी भीड़, उसका भविष्य! दिक्कत यह है कि भीड़ की भेड़चाल में हम कुल आबादी के उन आंकड़ों में जीते हैं जो हमारी वास्तविकता, हमारे ज़मीनी सफ़र, हमारी असलियत से ऊपर की परत हैं! इसका मुझे तीन सप्ताह पहले अहसास तब हुआ जब एक गायनकोलॉजिस्ट डॉक्टर ने बताया कि हिंदू न केवल बच्चे कम पैदा कर रहे हैं, उनका लिंग-अनुपात नए सिरे से बिगड़ रहा है। अब लड़के कम हो रहे हैं और लड़कियां अधिक!

सोचिए, महिलाओं की प्रजनन-साक्षी, प्रसूति केंद्र चलाती 35 वर्षों के अनुभव वाली महिला डॉक्टर के इस वाक्य पर कि- वह वक्त दूर नहीं है जब लड़कियों को लड़के नहीं मिलेंगे!कितनी अविश्वसनीय बात! मगर ऐसा है और इसकी भनक इसलिए नहीं है क्योंकि मुस्लिम आबादी को समेटे प्रजनन के कुल राष्ट्रीय आंकड़ों में जन्मदर ऊंची है तो लिंगानुपात में लड़कों के अधिक पैदा होने की भी तस्वीर है। यदि मुस्लिम आबादी और उसकी जन्मदर को अलग कर आंकड़े बने तब समझ आएगा कि हिंदुओं की कुल प्रजनन-दर पैंदे की ओर है तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी पैदा करो से 40ङ्क50 साल बाद वह लिंगानुपात बनेगा जिससे संभव है- हज़ार लड़कियों के पीछे आठ-नौ सौ लड़के ही हों! हमारा रोना ले-देकर यह है कि मुसलमान ज़्यादा बच्चे पैदा कर रहे हैं। उनमें जन्मदर, उनका प्रतिस्थापन स्तर उछलता हुआ है और वे अंततः बहुसंख्या में होंगे। जबकि प्रसूति केंद्रों और गायनकोलॉजिस्ट अनुभव में 1990 से 2025 का हिंदू अंतर यह बताता है कि हम असंतुलित, अविवेकी और बांझ हो रहे हैं।

मसला सिर्फ जन्मदर और आबादी का नहीं है। मुस्लिम समाज में यह नहीं सुनाई देता कि लड़के-लड़कियां शादी करने को तैयार नहीं! या यह कि लड़कों को लड़कियां नहीं मिल रही हैं और लड़कियों को लड़के। मुस्लिम सामाजिकता में भाई-बहन, चाचा-चाची याकि संयुक्त परिवार, घर-परिवार के छाते में भरपूर नाते-रिश्ते हैं। साथ ही मुसलमान न बेरोज़गारी का रोना रोता मिलेगा और न बेगारी करता हुआ। वह मेहनत, काम और कठिनाइयों के सामने बंजर और अनुत्पादक नहीं है। सरकार मुखापेक्षी नहीं है। हिंदू नौजवान आरक्षण, सरकारी नौकरी, सब्सिडी-खैरात या सामान डिलीवर करने जैसे कामों-सेवागत कुलीगिरी में खटक-भटक रहा है। नौजवान पारंपरिक, जातिगत कौशल भूल चुके है। 35ङ्क40 साल पहले दिल्ली के निर्माण-कामों में राजस्थान के कारीगरों, मज़दूरों की भीड़ दिखती थी; अब मुसलमान सब करते दिखते हैं। जयपुर जैसे शहर में ठेकेदारों से सुनने को मिलता है कि हमारे लोग मेहनत नहीं करना चाहते। यदि मुसलमान कारीगर, मिस्त्री, मैकेनिक, रिपेयर, रंग-रोगन मज़दूर न हों तो काम ही नहीं चले।

इतना ही नहीं- पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट खेतिहरों के यहां भी झारखंड के मुसलमान नौजवान खेत संभालते मिलेंगे। यों दिल्ली में घरेलू काम करती महिलाओं में बंगाल, झारखंड, ओडिशा की हिंदू आबादी बहुतायत में है, मगर कौशल, हुनर, मज़दूरी के कामों में इन्हीं राज्यों के मुसलमान छाए हुए हैं। और मुसलमान मेहनत के बूते अपनी संपन्नता, खुशहाली से बम-बम है। मेरा मानना है कि मोदी सरकार के ग्यारह वर्षों में यदि फ्री का राशन, खैरात और रेवड़ियां बंटी हैं तो उसका भरपूर फ़ायदा मुस्लिम परिवारों ने अधिक उठाया है। वह मेहनत के अवसरों तथा सरकारी राशन-सब्सिडी-दोनों से मालदार हुआ है।

और ध्यान रहे, वह मोदीकृत भारत-भीड़ से अलग है, इसलिए उसने अपने धर्म, समाज, कायदों की अपनी कसौटियों में व्यवहार बना रखा है। उसके तात्कालिक व दीर्घकालिक हित दो टूक हैं। जबकि हिंदू भीड़, उसका नौजवान क्या करता हुआ है? हाल में बिहार में खूब भीड़ दिखलाई दी। सब सोशल मीडिया, रील्स की जुगाली से आरक्षण, सरकारी नौकरी, बेगारी के सपने पाले हुए? जिनके आगे एक तरफ तेजस्वी का सबको सब देने का भरोसा था, वहीं प्रधानमंत्री का यह आह्वान था कि सावधान-यदि उसे वोट दिया तो कनपट्टी पर कट्टा, फिरौती और रंगदारी में जीवन जीना है!

सोचें, हम लोगों की भीड़ और उसका नेतृत्व-दोनों की कहानी क्या बंजर ज़मीन को नापना नहीं है, लोगों को बांझ बनाना नहीं?

सिनेरियो और भी भयावह है। हाल में अमेरिका, जापान आदि देशों की चिंताओं के साथ वैश्विक पत्रिका 'दि इकॉनोमिस्ट' में कई लंबे विश्लेषण मिले। इसका ताज़ा अंक बताता है कि दुनिया एकाकी जीवन में ढल रही है! यानी मनुष्यों-पुरुष और स्त्री-सेक्स छोड़ अपनी वासना, अपना प्रेम-संबंध या शादी की जगह कृत्रिम मशीनी बुद्धिमत्ता (एआई), ओपनएआई के चैटबॉट्स, उनके नकली संगी-साथी ऐप से प्रेम-संबंधों में रम रहे हैं। यहां यह तथ्य ध्यान रहे कि दुनिया में ओपनएआई के सबसे ज़्यादा उपभोक्ता भारत में हैं।

एक कैरेक्टर.एआई नाम का ऐप है जिसके दो करोड़ मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। इसके शगल को इस तरह समझें कि पहले लड़के-लड़कियां अपनी मित्र-मंडली के साथ समय बिताते हुए उसमें से दोस्त, प्रेमी, सच्चा हितैषी, सलाहकार के भावनात्मक रिश्तों को पकाते थे, ज़िंदगी के सपने बुनते थे। माता-पिता से कन्नी काटते थे। पर अब नई पीढी के नौजवानों के दोस्त, सलाहकार, चिकित्सक, हितैषी, प्रेमी, पति सभी एआई के ऐप (एआई कम्पैनियनशिप ऐप्स) हैं। मतलब क्या हुआ? लड़के को लड़की की नहीं और लड़की को लड़के की ज़रूरत नहीं। ये ऐप न केवल 'सेक्सी संवाद' करते हैं, बल्कि जल्द ही सत्यापित वयस्कों को कामवासना, इरॉटिका की अनुमति भी देंगे। ध्यान रहे, जुलाई में एलन मस्क की एक्सएआई कंपनी ने एनी नामक एक छेड़छाड़-मस्ती भरा चैटबॉट और वैलेंटाइन नामक आकर्षक, रहस्यमय और मन मोहने के लिए लाइसेंस-प्राप्त बॉट जारी किया था।

जाहिर है आबादी, समाज, नौजवानों का वैश्विक स्तर का संकट है। दुनिया की अलग-अलग नस्लों, धर्मों, समाजों, भीड़ (जापान, चीन से लेकर अमेरिका) में सामाजिक रिश्तों, व्यक्तिगत जीवन, सेहत-स्वास्थ्य, तकनीक-सभी की नई चिंताएं है। ट्रंप ने यदि ईसाइयों में अस्तित्व की चिंता पैदा कर अमेरिकियों को भीड़ में बदला है तो साथ ही खुद ट्रंप, उप राष्टपति वांस, उनका प्रशासन, रिपब्लिकन पार्टी-इस भीड़ की हर उपभीड़ (जैसे ट्रक ड्राइवर) के ऐसे जमावड़े बनवा रही है, जिससे बच्चे पैदा करने का मौका-आकर्षण बने। लोग फटाफट बच्चे पैदा करने लगें। ट्रंप की टोली लोगों की प्रजनन-क्षमता बढ़ाने, नए मेडिकल उत्पाद वितरण के काम भी कर रही हैं। साफ लगता है कि अमेरिका की भक्त भीड आबादी के बांझ बनने को लेकर बेहद फ़िक्रमंद है।

कह सकते हैं, 140 करोड़ लोगों की भीड़ के देश को क्यों यह सब सोचना चाहिए? इसलिए क्योंकि हम हिंदू नकल में जीते हैं। मुझे यह निष्कर्ष निकालने में हिचक नहीं है कि भारत की साठ फ़ीसदी युवा आबादी यदि अमेरिकी ऐप, इंस्टाग्राम, गूगल, सोशल मीडिया, रील्स के नशे में जी रही है तो वह निश्चित ही एआई, ओपनएआई के ऐप से सामाजिक रिश्तों, प्रेम, विवाह, सेक्स, दोस्त आदि की भूख बना रही होगी! क्योंकि बुद्धि, विवेक, समझदारी-सबको तो मोदी सरकार ने बांझ बना डाला है। यों भी हम ऑनलाइन मंडी के सबसे बड़े ग्राहक हैं। एआई के कारण भी दिल-दिमाग, क्रियाकलाप, दिनचर्या-सबमें बुद्धि, समझ, मेहनत आदि बंजर होते हुए हैं। फिर बतौर समाज हम इसलिए भी बांझ हैं क्योंकि जात, उपजात, फ़ॉरवर्ड, दलित, अति-पिछड़े, महादलित के इतने अलग-अलग चैम्बर, इकोसिस्टमों में ज़िंदगी बंध गई है कि भारत सरकार का सचिव हो या विश्वविद्यालय का कुलपति या अध्यापक सभी उस सामाजिक परंपरा, व्यवहार, चाल-चेहरे-चरित्र को त्याग चुके हैं जो जीवित रहने की कभी शर्त या आवश्यकता थी।

शायद इसी कारम सूझता ही नहीं है कि समाज किधर जा रहा है! कहने को धर्म और भक्तिभाव का जलजला है लेकिन असलियत में अंधविश्वासों में अंधे हैं। टोटकों में बंधी नौजवानों की वह भीड़ है जो झूठ और ऐप की अफ़ीम में एकाकी और बांझ होती हुई है। इर्द-गिर्द के घर-परिवारों पर गौर करें। सभी चेहरे अपने अंतरिक्ष, अपने फ़ोन, अपने लैपटॉप, यानी एकाकी जीवन के उस बंजर, सूखे में हैं जिसमें सामाजिकता, विजडम, सुखांत-विवाह, सुखांत वंशवृद्धि और रिश्तों का पारस्परिक विश्वास व साझा-सब मुरझाते हुए हैं।

जैसे अमेरिका, यूरोप और विकसित देशों में है, वैसा पढ़े-लिखे, खाते-पीते हिंदू परिवारों में भी हो रहा है। 'दि इकॉनोमिस्ट' का एक आंकड़ा है कि 25 से 34 वर्ष के अमेरिकी युवाओं में बिना साथी या जीवनसंगिनी के रहने वालों की संख्या पांच दशकों में दोगुनी हो गई है। पुरुषों में 50 प्रतिशत और महिलाओं में 41 प्रतिशत। अब दुनिया में कोई दस करोड़ सिंगल लोग हैं। और ये सब मानते हैं कि एकाकीपन ही आत्मनिर्भर जीवन है। सोशल मीडिया और डेटिंग ऐप्स ने युवाओं में उम्मीदों को अवास्तविक, हवा-हवाई उड़ानों वाला बना दिया है तो इंस्टाग्राम पर देखादेखी ने दूसरों के रिश्ते निज जीवन के पैमाने बने हैं। इसलिए लड़के-लड़कियों को अपने उपयुक्त, लायक कोई समझ ही नहीं आता।

सो, सोशल मीडिया ने न केवल सामाजिक कौशल घटाया है, बल्कि भूख और असामाजिकता दोनों को बढ़ाया है। और यह भी बांझ और बंजर होती हक़ीक़त के गंभीर, गहरे साक्ष्य हैं। क्या नहीं?

**यह निजी विचार है।**

# महिलाओं को लेकर समाज और राजनीतिक दलों के सोच में सकारत्मक बदलाव

अजय दीक्षित

महिलाओं को लेकर राजनीतिक दलों में पिछले एक दशक से सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। राजनीतिक दलों में सबसे पहले 2006 मप्र के मुख्यमंत्री बने शिवराज सिंह ने लाडली लक्ष्मी, कन्यादान योजना का आयोजन किया। शिवराज सिंह चौहान दर्शन विज्ञान के छात्र रहे हैं।इन योजनाओं के चलते 2008 के मप्र विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी 05 साल की सत्ता विरोधी लहर के बाबजूद जीत गई और अप्रत्याशित रूप से सत्ता में बापिस करली । लेकिन तब तक राजनीति दल शिवराज सिंह की इस गहरी चाल को भांप नहीं पाए थे। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान ने 2013 के मप्र विधानसभा चुनाव में जननी सुरक्षा, संबल योजना, विधवा पेंशन योजनाओं को चला दिया और मोदी लहर के शुरुआत का सहारा लेकर जीत हासिल की तब देश के राजनीतिक दलों ने खोज खबर ली कि मप्र में ये क्या हो रहा है। सभी राजनीतिक विशेषज्ञ इस बात से हैरान थे कि भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार सरकार बनाई थी और वह भी दो तिहाई बहुमत से जीत हुई थी। और उसे 45.2 फीसदी मत मिला था। इधर तमिलनाडु में जयललिता ने अम्मा कैंटीन चला कर 2015 के चुनाव में जीत हासिल की । मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने 2023 के विधानसभा चुनावों में तो भारत वर्ष का सबसे बड़ा राजनीतिक हथियार ईजाद कर दिया लाडली बहना जिसके तहत प्रत्यक वर्ग, जाति, समुदाय, धर्म की महिलाओं को एक सिस्टम के तहत हर महीने 1250 रुपए सीधे उसके खाते में डाल कर चुनाव में 162 सीट लाकर कमाल कर दिया और 25 वर्ष तक मप्र में भारतीय जनता पार्टी की सत्ता तय कर दी। बताया जाता है कि शिवराज सिंह के इस फैसले से उनकी अपनी पार्टी और केंद्र सरकार भी खुश नहीं थी।मगर चुनाव परिणाम आने पर सब हतप्रभ रह गए। भारतीय जनता पार्टी ने 48 फीसदी वोट हासिल किए थे। जबकि चुनाव से पहले भोपाल से दिल्ली तक मप्र में कांग्रेस सरकार आने का हल्ला मचा हुआ था।

अब तो महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा,के चुनावों सीधे महिलाओं को 1500 से 2000 रुपए महीने देना शुरू कर दिए और सभी राज्यों में भारतीय जनता पार्टी जीत गई । हालांकि नीतीश कुमार ने भी 2020 के चुनाव महिलाओं के लिए काफी घोषणाएं की थी । झारखंड में तो जेएमएम के हेमंत सोरेन ने हरा हुआ चुनाव मैया योजना से जीत लिया क्योंकि उन्होंने जेल से रिहा होकर मुख्यमंत्री बन महिलाओं के खाते में सीधे 7500, रुपए महीने डाल दिए और भारतीय जनता पार्टी को उसके दाव से ही हरा दिया।अब बिहार में तो नीतीश कुमार ने महिलाओं को 100 रूपये घूस जैसे दिए हैं। बिहार चुनाव में लोग दावा कर रहे हैं कि यही कारण से एनडीए सत्ता में लौट रहा है। हरियाणा में तो भारतीय जनता पार्टी ने तिगड़ी लगा दी। अब महिलाओं के जनधन खाते राजनीतिक हथियार बन चुके हैं और इसमें सत्ता रूढ़ पार्टी सत्ता विरोधी लहर से बच जाती है।पूरे देश में राजनीतिक दलों में मंथन चल रहा है कि इस मामले में क्या किया जाय।

आजादी से पहले और बाद में भी समाज में नारी का पुरुष प्रधान समाज में बस अस्तित्व ही था और नारी को उपभोग और बच्चे पैदा करने के रूप में ही जाना जाता था।समाज ने नारी को कुलटा, देवदासी, वैश्या,यहां तक कि डायन तक कहा । राजे रजवाड़े हजारों स्त्रियां अपनी रखैल के रूप में रखते थे। इतना ही नहीं सती भी एक यातना ही थी। विधवा का जीवन तो नरकीय था ही उसे यौन शोषणों का शिकार बनाया जाता था।आजादी के बाद भी बालिकाओं का जन्म बहुत ही अशुभ माना जाता था हालांकि जो शोषण कर्ता पुरुष नारी की कोख से जन्म लेता है।

एनी विसेंट, सरोजनी नायडू, सुषमा स्वराज, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी, जयललिता, शीला दीक्षित होना कोई आसान नहीं था। सनातनी धर्म काव्य,ग्रन्थ महिलाओं के विषय में गौरतलब संदेश देते हैं।

लेकिन अब 21 सदी में पच्चीस साल बाद ऐसा लगता है कि नारी शक्ति है क्योंकि पुरुष महिला सशक्तिकरण की बात करने लगे चाहे वह वोट के सहारे ही सही ।अब महिलाओं को नौकरियों में आरक्षण, स्थानीय चुनावों में आरक्षण मिला हुआ है और संसद और विधानसभा चुनाव में आरक्षण का बिल पारित हो कर कानून बन चुका है।

**यह निजी विचार है।**

# लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के 150 वीं के अवसर पर यूनिटी मार्च का किया गया आयोजन

**भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की रही सक्रिय सहभागिता – स्वास्थ मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल हुए शामिल अनेकता में एकता ही भारत की असली शक्ति – बताए रास्ते पर चलने का आह्वान**







लोकशक्ति कोरिया, नवम्बर 2025/

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में 31 अक्टूबर से 25 नवम्बर 2025 तक आयोजित यूनिटी मार्च कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को जिला स्तरीय पदयात्रा का भव्य आयोजन स्वामी आत्मानंद हिंदी उत्कृष्ट विद्यालय खरवत से शासकीय आदर्श रामानुज बालक उच्चत्तर माध्यमिक बैकुंठपुर तक किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल रहे ।

जिला प्रशासन एवं खेल तथा युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस मार्च में करीब 5 किलोमीटर की पदयात्रा के दौरान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला कोरिया की टीम, एन सी सी के कैडेट्स, महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं जनप्रतिनिधिगण एवं सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। 'वन्दे मातरम', 'भारत माता की जय' और 'सरदार वल्लभभाई पटेल अमर रहें' के नारों से पूरा बैकुंठपुर शहर गूंज उठा।

भा को संबोधित करते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि भारत की खूबसूरती उसकी अनेकता में एकता है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने 565 रियासतों का शांतिपूर्ण विलय कर भारत के एकीकरण में ऐतिहासिक योगदान दिया, इसी कारण उन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है। उन्होंने जूनागढ़, हैदराबाद और जम्मू-कश्मीर जैसी जटिल रियासतों के एकीकरण में अहम भूमिका निभाई, जिससे भारत एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा।

मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित, आत्मनिर्भर और विश्व गुरु बनाने के लिए सांस्कृतिक एकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों के अधिकाधिक उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इससे देश की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। यूनिटी मार्च में कलेक्टर कोरिया चन्दन संजय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी, जिला खेल अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला सचिव सुरेन्द्र कुमार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू, जिला संगठन आयुक्त गाइड आशा एक्का, पूर्व जिला संगठन आयुक्त गाइड विजय कुजूर, जिला मीडिया प्रभारी रवि प्रसाद बैगा, विकासखण्ड सचिव बैकुंठपुर शिव प्रताप सिंह, स्काउटर केशव प्रसाद साहू, गाइडर प्रियंका राजवाड़े, स्वीटी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्काउट गाइड, नगरीय निकाय व पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि, कर्मचारी - अधिकारीगण, विभिन्न समुदायों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सुरगी में बाल दिवस पर भव्य बाल मेला आयोजित



### *बच्चों के खाद्य स्टॉल और आकर्षक चित्रकला ने सबका मन जीता**

**राजनांदगांव।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के गोद ग्राम सुरगी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला प्रांगण में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेला का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में बच्चों ने विविध प्रकार के स्टाल लगाकर स्वादिष्ट खाद्य सामग्री बेची, जिसका अतिथियों व ग्रामीणों ने भरपूर आनंद लिया।

बाल मेले का मुख्य आकर्षण बच्चों द्वारा बनाया गया भारत माता का सुंदर नक्शा, विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक चित्रकारी एवं कलात्मक प्रदर्शनी रही, जिसने सभी का मन मोह लिया। बच्चों के उत्साह, रचनात्मकता और मेहनत को देखकर अतिथियों ने उनकी सराहना की।

मेले में उपस्थित अतिथियों ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए स्टालों का अवलोकन किया तथा उनकी तैयार की हुई खाद्य सामग्री का स्वाद भी चखा। पूरे कार्यक्रम में बच्चों की ऊर्जा और सहभागिता देखते ही बनती थी।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि गण -ग्राम पंचायत सुरगी के सरपंच सुग्रीव साहू,सुकृत दास साहू,त्रिलोक चंद पारख, देवेंद्र जैन युवराज साहू, कमलेश साहू, डोमन साहू, संस्था के प्राचार्य योगेश गौतम शिक्षक गण सुशील शर्मा,वीरेंद्र टेभुरकर,गीतांजलि साहू,किरण साहू,नीरा ठाकुर,शिवानी बर्मन

सहित विद्यालय के व्याख्याता गण, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में प्रबंधन क्षमता, रचनात्मकता, स्वावलंबन एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना रहा, जिसे बाल मेले ने सफ्लतापूर्वक पूरा किया।

Truhome FINANCE

**मांग सूचना**

**टूहोम फाइनेंस लिमिटेड**

**( पूर्व नाम श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड )**

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, पहली मंजिल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनाटोफा रोड, अलवरपेट, तेनाम्पेट, चेन्नई-600018
**मुख्य कार्यालय:** लेवल 3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पू) कासी), मुंबई-400051 **वेबसाइट:** www.truhomefinance.in

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित उधारकर्ता/उधारकर्ताओं ने टूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) से प्राप्त ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है और उक्त ऋण खातों को गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। उन्हें प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (SARFAESI ACT) की धारा 13(2) के अंतर्गत उनके अंतिम ज्ञात पते पर मांग नोटिस जारी किया गया था। उक्त मांग नोटिस के अतिरिक्त, उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया है।
उधारकर्ताओं, प्रतिभूतियों, बकाया राशि, धारा 13(2) के अंतर्गत भेजे गए मांग नोटिस और उसके अंतर्गत दावा की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है।-

| उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ नाम और पता | सुरक्षित परिसंपत्तियों का संपत्ति पता | डिमांड नोटिस दिनांक एवं देय राशि रु. में. |
|---|---|---|
| 1. श्री अवनीश चिता पुत्र श्री माखन सिंह चिता (उधारकर्ता)<br>2. श्रीमती राजिंदर कौर पत्नी श्री माखन सिंह चिता (सह-उधारकर्ता)<br><br>पता - 107/सी, आकांक्षा कुंज, रिसाली, भिलाई नगर, सिविक सेंटर भिलाई, दुर्ग, छ.ग. - 490006<br>इसके अलावा - एएम इंटीरियर एंड कंस्ट्रक्शन, जय स्तंभ चौक, स्मृति नगर, मोतीलाल नेहरू नगर, भिलाई, दुर्ग, छ.ग. - 490020<br><br>ऋण राशि - रु. 46,52,923/- और रु. 10,40,308/-<br>LAN-SHLHRAIP0000397 औरSHLHRAIP0000437<br><br>एनपीए तिथि - 03.11.2025 | व्यपवर्तित आवासीय भूमि और मकान, प्लॉट संख्या 108, खसरा संख्या 113/18, प्रगति नगर, आकांक्षा कुंज के अंदर, ग्राम - रिसाली, पी.एच. संख्या 22/49, वार्ड संख्या 61, आरआई सर्कल रिसाली, तहसील और जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 2331 वर्ग फीट।<br><br>सीमा:<br>उत्तर: भूपेंद्र नाथ पांडे का मकान,<br>दक्षिण: 25 फीट चौड़ी सड़क/रास्ता,<br>पूर्व: नागेंद्र सिंह की खुली भूमि,<br>पश्चिम: राजिंदर कौर चिता का मकान | डिमांड नोटिस दिनांक - 11-11-2025<br><br>रु. 47,94,202/ - ऋण खाता संख्या SHLHRAIP0000397 में तथा रु. 10,81,287/- ऋण खाता संख्या SHLHRAIP0000437 में दिनांक 10/11/2025 तक कुल 58,75,489/- रुपये, साथ ही ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत आदि। |
| 1. श्री रमेश देव तांती पुत्र श्री गुरुदेव तांती (उधारकर्ता)<br>2. श्रीमती भारती तांती पत्नी श्री रमेश देव तांती (सह-उधारकर्ता)<br>3. श्री गुरुदेव तांती पुत्र श्री नीला तांती (सह-उधारकर्ता)<br>4. श्री कैलाशी तांती पत्नी श्री गुरुदेव तांती (सह-उधारकर्ता)<br><br>पता - गणेश नगर, अन्नपूर्णा कॉलोनी, सेक्टर 05, वार्ड क्र. 46, अनवर बख्शी मार्ग, बिलासपुर, छ.ग. - 495004<br><br>ऋण राशि - रु. 9,86,724/-<br>LAN - SLPHBILA0000276<br><br>एनपीए दिनांक - 03.11.2025 | डायवर्टेड आवासीय भूमिस्वामी भूमि खसरा संख्या 676/160, खसरा नंबर 676/26 का हिस्सा, ग्राम - सिरगिट्टी, पी. एच. संख्या 30/41, आरआई सर्कल बिलासपुर, ब्लॉक बिल्हा, तहसील और जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़। माप क्षेत्रफल 1800 वर्ग फीट।<br><br>सीमा:<br>उत्तर:- सरकारी जमीन<br>दक्षिण:- कलीमुद्दीन की जमीन<br>पूर्व:- निस्तारी रास्ता<br>पश्चिम:- सरकारी जमीन | डिमांड नोटिस दिनांक 11-11-2025<br><br>रु. 10,81,560/- 10/11/2025 तक /-साथ में ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत आदि। |

इसलिए आप उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि आप इस नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर ऊपर उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करें, साथ ही भुगतान की प्राप्ति की तिथि तक ब्याज और दंडात्मक ब्याज भी दें, जो देय हो सकता है, ऐसा न करने पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को उपरोक्त प्रतिभूतियों को लागू करने के लिए SARFAESI अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको हमारी सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त संदर्भित प्रतिभूतियों को स्थानांतरित करने से रोका जाता है।

स्थान: दुर्ग और बिलासपुर
दिनांक: 18-11-2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी- टूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पहले श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

# राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर प्रबुद्ध महिला संगोष्ठी का आयोजन



### राष्ट्र सेविका समिति राजनांदगांव विभाग द्वारा गायत्री विद्यापीठ में भव्य कार्यक्रम

**राजनांदगांव ।** राष्ट्र सेविका समिति राजनांदगांव विभाग द्वारा ÷राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका÷ विषय पर गायत्री विद्यापीठ में प्रबुद्ध महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समिति की संस्थापक वंदनीया लक्ष्मीबाई केलकर 'मौसी जी' के जन्म दिवस पर उनके राष्ट्रसेवी विचारों एवं समर्पण को नमन करते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत आमंत्रित अतिथियों द्वारा भारत माता एवं वंदनीया मौसी जी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्र सेविका समिति छत्तीसगढ़ की प्रांत संपर्क प्रमुख आदरणीय श्रीमती मीना नशीने दीदी रायपुर से उपस्थित रहीं।

संगोष्ठी में आमंत्रित अतिथियों रूपम सोनछत्रा जी (सीए), डॉ. सुनीता सोनी जी, रेखा साहू जी एवं भारती गौते जी ने विषय में गहरी रुचि व्यक्त करते हुए अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए।

मुख्य वक्तव्य देते हुए श्रीमती मीना नशीने दीदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका बहुआयामी और अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि परिवार, समाज, शिक्षा, राजनीति, विज्ञान और आर्थिक क्षेत्र—सभी में आज महिलाएं अपनी दक्षता और नेतृत्व क्षमता से उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं।

उन्होंने कहा कि मातृशक्ति संस्कृति, संस्कार और परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में केंद्रीय भूमिका निभाती है, वहीं आर्थिक सुदृढ़ीकरण में भी महिलाओं की सहभागिता निरंतर बढ़ रही है, जो राष्ट्र विकास का मजबूत आधार बन रही है।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ. उषा मिश्रा, नगर कार्यवाहिका, राजनांदगांव विभाग ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठियाँ समाज में जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होती हैं।

# कलेक्टर की निगरानी में होगा प्रेस क्लब चुनाव, प्रशासनिक अधिकारी होंगे निर्वाचन प्रभारी

रायपुर (लोकशक्ति)।

रायपुर प्रेस क्लब के चुनाव अब जिला प्रशासन की निगरानी में होंगे। कलेक्टर गौरव सिंह ने प्रेस क्लब चुनाव को विधिसम्मत और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त कर दिया है।

प्रेस क्लब ने 12 नवंबर 2025 को वर्ष 2025-26 की चुनाव प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी थी। हालांकि क्लब ने केवल चुनाव कार्यक्रम और अपनी तैयार की हुई मतदाता सूची प्रस्तुत की। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय ने 13 नवंबर को पत्र जारी कर चुनाव के लिए प्रशासनिक पर्यवेक्षण की आवश्यकता बताते हुए अधिकारी की नियुक्ति के आदेश भेजे।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रेस क्लब की कार्यवाहक कार्यकारिणी 16 सितंबर 2025 को जारी आदेश के अनुसार 60 दिनों के भीतर चुनाव कराने में असफ्ल रही। इसी कारण कार्यकारिणी को दिए गए पूर्व निर्देश निरस्त कर दिए गए।

अब छत्तीसगढ़ सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1973 (संशोधन 1998) की धारा 33(ग) और क्लब की पंजीकृत नियमावली के तहत कलेक्टर द्वारा नामित




प्रशासनिक या राजस्व अधिकारी चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराएंगे। निर्वाचन अधिकारी को चुनाव आयोजित करने के लिए आवश्यक सभी अधिकार दिए गए हैं और प्रेस क्लब को उनकी देखरेख में पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी करनी होगी। इस फैसले से क्लब चुनाव अब प्रशासनिक नियंत्रण में होंगे और निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी।

# समग्र एलएफपीआर में तेजी देखी गई, महिला डब्ल्यूपीआर में वृद्धि जारी, अक्टूबर में बेरोजगारी दर स्थिर रही

**पीआईबी।** 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए श्रम बल भागीदारी दर (एलएफ्पीआर) में वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गई। अक्टूबर 2025 में समग्र एलएफ्पीआर 6 महीने के उच्च स्तर 55.4त्न पर पहुँच गया। पिछले चार महीनों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग की महिलाओं की श्रम बल में भागीदारी में लगातार वृद्धि देखी गई है। अक्टूबर, 2025 में समग्र श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) 52.5त्न दर्ज किया गया, जो 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के बीच जून, 2025 से लगातार बढ़ रहा है। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं में समग्र डब्ल्यूपीआर में लगातार चौथे महीने वृद्धि हुई है। 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए बेरोजगारी दर (यूआर) अक्टूबर, 2025 में 5.2त्न पर स्थिर रही, जो सितंबर, 2025 के समान थी। एनएसओ और सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा किया जाने वाला आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफ्एस) जनसंख्या की गतिविधि भागीदारी और रोज़गार-बेरोज़गारी की स्थिति के आंकड़ों का प्राथमिक स्रोत है।

# रामोजी राव एक दूरदर्शी राष्ट्र निर्माता थे : उपराष्ट्रपति

### उपराष्ट्रपति ने मीडिया से 2047 तक विकसित भारत के विजन का समर्थन करने का आग्रह किया

### उपराष्ट्रपति ने गलत सूचना के इस युग में नैतिक और विश्वसनीय पत्रकारिता का आह्वान किया

पीआईबी

उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने आज तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद स्थित रामोजी फिल्म सिटी में आयोजित प्रथम रामोजी उत्कृष्टता पुरस्कार 2025 के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। रामोजी उत्कृष्टता पुरस्कार सात श्रेणियों में प्रदान किए गए: ग्रामीण विकास के लिए श्रीमती अमला अशोक रुइया को; युवा आइकन के लिए श्री श्रीकांत बोल्ला को; विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रो. माधवी लता गली को; मानवता की सेवा के लिए श्री आकाश टंडन को; कला और संस्कृति के लिए प्रो. सथुपति प्रसन्ना श्री को; पत्रकारिता के लिए श्री जयदीप हार्डिकर को; और महिला उपलब्धि के लिए श्रीमती पल्लबी घोष को पुरस्कार प्रदान किए गए।



उपराष्ट्रपति श्री सी.पी. राधाकृष्णन ने अपने संबोधन में कहा कि रामोजी उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह में उपस्थित होना सम्मान और सौभाग्य की बात है, जो रामोजी समूह के स्थापना दिवस और इसके संस्थापक श्री रामोजी राव की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि श्री रामोजी राव एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने विचारों को संस्थाओं में तथा सपनों को सच्चाई में बदल दिया। वे न केवल मीडिया और संचार के क्षेत्र में अग्रणी थे, बल्कि एक राष्ट्र निर्माता भी थे, जो सूचना, रचनात्मकता और उद्यम की शक्ति में गहरा विश्वास करते थे।

उपराष्ट्रपति ने जोर देते हुए कहा कि ईनाडु से लेकर रामोजी फिल्म सिटी तक, ईटीवी नेटवर्क से लेकर अनेक अन्य उपक्रमों तक, श्री रामोजी राव के कार्यों ने भारतीय पत्रकारिता, मनोरंजन और उद्यमिता में क्रांति ला दी। उन्होंने यह भी कि सत्य, नैतिकता और उत्कृष्टता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता देश भर की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

आंदोलन का प्रतीक बने दाऊ आनंद अग्रवाल लगातार डटे रहे दिल्ली में

# छत्तीसगढ़ महतारी की पहली प्रतिमा स्थापना में अग्रवाल समाज ने दिया था योगदान

### दुर्ग के वर्तमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के पिता है दाऊ आनंद अग्रवाल जी

जांजगीर चांपा।

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल ने सिंधी और अग्रवाल समाज को लेकर टिप्पणी की। उनकी इस टिप्पणी पर विवाद हुआ और देशभर में बवाल मचा। इस बीच एक रोचक तथ्य ये सामने आया है कि छत्तीसगढ़ महतारी की पहली मूर्ति अग्रवाल समाज के आनंद अग्रवाल ने स्थापित कराई थी। आनंद अग्रवाल दुर्ग के वर्तमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी विजय अग्रवाल के पिता हैं। उन्होंने पहली मूर्ति घड़ी चौक के पास स्थापित की थी, जो आज मंदिर के रुप में बदल गया है।

वर्तमान में इस मंदिर की देखरेख छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के कार्यकर्ता कर रहे हैं यानी आज जिस संगठन का प्रमुख एक पूरे समाज के खिलाफबयान देकर विवाद में है, उसी संगठन के कार्यकर्ता एक ऐसे मंदिर की सेवा कर रहे हैं, जिसकी नींव अग्रवाल समाज के दाऊ आनंद अग्रवाल ने राज्य आंदोलन के दिनों में रखी थी। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलन के



समय से जुड़े एक वरिष्ठ पत्रकार श्री चतुर्वेदी जी ने बताया कि उन्होंने दाऊ आनंद के जंतर-मंतर वाले धरने पर एक विशेष रिपोर्ट लिखी थी। खबर की हेडलाइन थी- लंगर के सहारे चल रहा राज्य बनाने का आंदोलन, श्री चतुर्वेदी बताते हैं जनवरी 2000 में जब ये खबर प्रकाशित हुई, तो इसका असर तुरंत दिखा। छत्तीसगढ़ के कई लोगों ने दिल्ली फोन कर दाऊ को मदद भेजनी शुरु कर दी। मदद न सिर्फ आंदोलन की ताकत बनी, बल्कि इस बात का प्रमाण भी कि राज्य निर्माण की मांग सिर्फनेताओं की नहीं, बल्कि आम लोगों की भावनाओं से जुड़ी थी।

**घड़ी चौक पर आंदोलन में बैठे रहते थे दाऊ आनंद अग्रवाल.....**

इतिहासकार रामेन्द्रनाथ मिश्र बताते हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य आंदोलन के समय घड़ी चौक, आंदोलनकारियों को जोड़ने वाला सबसे बड़ा अड्डा था, क्योंकि वहीं अखंड धरना चलता था। इस आंदोलन में हर व्यक्ति की अपनी भूमिका थी। दाऊ आनंद अग्रवाल भी उनमें से एक थे, जो लगातार धरने पर बैठे रहते थे। छत्तीसगढ़ महतारी की पहली तस्वीर साल 1992 में रायपुर के ललित मिश्रा ने बनाई थी। उस समय वे अलग राज्य की मांग के आंदोलन में बतौर छात्र नेता सक्रिय थे।

**राज्य की मांग के आंदोलन का प्रतीक बनी महतारी प्रतिमा स्थापना............**

छत्तीसगढ़ राज्य की मांग भले ही 1918 में उठी हो, लेकिन 1998 के दौर में आंदोलन चरम पर था। यही वो समय था, जब राज्य निर्माण का जन आंदोलन पूरे प्रदेश में तेजी से फैला। रायपुर में कलेक्टोरेट, घड़ी चौक और शहर के अन्य बड़े स्थान रोज धरना-प्रदर्शन से भरे रहते थे। आंदोलन की आवाज जितनी सड़कों पर गूंज रही थी, उतनी ही तेजी से लोगों का जुड़ाव भी बढ़ रहा था। इसी दौर में रायपुर के घड़ी चौक धरना स्थल पर एक ऐसा काम हुआ, जिसने आंदोलन को एक प्रतीक, एक चेहरा दे दिया। दाऊ आनंद कुमार अग्रवाल, जो उस समय अखंड धरना पर बैठे थे। दाऊ आनंद कुमार अग्रवाल ने घड़ी चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की पहली प्रतिमा स्थापित करवाई थी व अन्य से सहयोग लेकर कालेज व हॉस्टल से पांच सौ लड़के लेकर केडिया डिस्टलरी कुम्हारी कुच किए ओर वहाँ प्रतीकात्मक तालाबंदी किए, दाऊ जी का छतीसगढ राज्य के प्रति समर्पण बहुत था उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य संघर्ष मोर्चा बनाया था, जिसकी सदस्यता मैंने भी ली थी, हमारे समाज के दाऊ कल्याण सिंह अग्रवाल द्वारा निर्मित डी. के. अस्पताल को जब शासन महर्षि महेश योगी संस्थान को दे रही थी तब मै ओर आनंद कुमार जी आमरण अनशन पर बैठ गए थे, चार दिन अनशन चला था, इस दौरान हम अस्पताल के बाहर लगे बोर में नहाते थे, सन 2023 में उनकी मृत्यु हुई, अंतिम समय तक वे बहुत मज़बूत थे।

## नवीन प्राथमिक शाला भाटापारा-खोखरा में एफ.एल.एन. मेला आयोजित




**जांजगीर चांपा /** नवीन प्राथमिक शाला भाटापारा-खोखरा में आज साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को बढ़ावा देने हेतु एफएल.एन. मेला उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भाषा, पठन-लेखन कौशल तथा गणितीय गतिविधियों से जुड़े विविध स्टॉल प्रस्तुत किए, जिनको अभिभावकों व अतिथियों ने सराहा।

मेले में बच्चों द्वारा शब्द-निर्माण खेल, अक्षर पहचान, पठन कौशल प्रदर्शन, संख्याओं का प्रयोग, जोड़-घटाव आधारित खेल, शिक्षण सामग्री प्रदर्शन, चार्ट एवं मॉडल प्रदर्शनी जैसे आकर्षक कार्यक्रमों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। शिक्षकगणों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु इस प्रकार के आयोजनों को आवश्यक बताया।

सी ए सी दीपक थवाईत ने कहा कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य बच्चों में आधारभूत साक्षरता व गणितीय दक्षता को व्यावहारिक रूप से मजबूत करना तथा शिक्षण को रोचक एवं सहभागितापूर्ण बनाना है । विद्यालय शिक्षिकाएं श्रीमती ज्योति तिवारी,तारकेश्वरी चंद्रा,अर्चना राठौर,प्रियंका चंद्रा ने उपस्थित सभी अभिभावकों व ग्रामीणजन का आभार व्यक्त किया।शिक्षकों ने आज बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता, सांस्कृतिक गतिविधियों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया ।डाइट जांजगीर के छात्र अध्यापकों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।

अंत में प्रधानाध्यापक श्रीमती बसंती मरकाम द्वारा बच्चों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक आयोजनों को नियमित रूप से जारी रखने की घोषणा की गई।

## कबड्डी का जज़्बा जंगलेसर में 22 नवंबर को खिलाड़ियों का महाधमाकेदार मुकाबला

लोकशक्ति। राजनांदगांव।

समीपस्थ ग्राम जंगलेसर में हमर माटी हमर जंगलेसर शिव नगर कबड्डी क्लब के तत्वाधान में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 22 नवंबर, शनिवार शाम 4 बजे से किया जाएगा। प्रतियोगिता का मंच शीतला मंदिर प्रांगण में तैयार किया गया है, जहां ग्रामीणजन और खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

**आयोजन समिति ने टीमों के प्रोत्साहन हेतु आकर्षक पुरस्कारों की घोषणा की है—**

प्रथम पुरस्कार : 5,555 (आयोजन समिति द्वारा)

द्वितीय पुरस्कार : 4,444 (पप्पू चंद्राकर द्वारा)


तृतीय पुरस्कार : 3,333 (लोकेश चंद्राकर द्वारा)

चतुर्थ पुरस्कार : 2,222 (सौरभ साहू द्वारा)

प्रतियोगिता को सफ्ल बनाने में सरपंच लता देवल साहू एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहेगा। जंगलेसर के ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक प्रतिभागी टीमों के स्वागत की तैयारी में जुटे हैं, जिससे यह आयोजन गांव में खेलभावना, ऊर्जा और सामुदायिक एकता का विशेष संदेश देगा।

## ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे हम अयोध्या धाम में ही बैठकर कथा सुना रहे हैं - मधुसूदनाचार्य जी





**प्रथम दिवस कथा श्रवण करने के लिए छत्तीसगढ़ उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति एवं पूर्व आईजी सहित अनेक विशिष्ट जन हुए सम्मिलित**

लोकशक्ति

**जांजगीर चांपा /** श्री शिवरीनारायण धाम की यह पावन धरा पुण्य तीर्थ क्षेत्र है। यहां के कण-कण में परमात्मा का अनुभव हो रहा है, जब हमें यह पता चलता है कि श्री शिवरीनारायण मठ या श्री दूधाधारी मठ में कथा कहनी है तो हमारा मन गदगद हो जाता है। परम पूज्य महाराज जी महामंडलेश्वर हैं, जगतगुरु हैं, उनके सानिध्य में कथा कहने और सुनाने का सौभाग्य हमें मिला है। यह बातें श्री शिवरीनारायण मठ महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर श्री धाम अयोध्या, उत्तर प्रदेश से पधारे हुए अनंत श्री विभूषित श्री स्वामी मधुसूदनाचार्य वेदांताचार्य जी महाराज ने व्यासपीठ की आसंदी से अभिव्यक्त किया। इसके पूर्व जगत नियंता भगवान श्री शिवरीनारायण जी की विधिवत पूजार्चना की गई। उन्होंने कहा कि हम बड़े ही भाग्यवान हैं भगवान शिवरीनारायण के पावन सानिध्य और माता शबरी के प्राकट्य स्थल तथा भगवान रघुनाथ जी द्वारा नवधा भक्ति की व्याख्यान स्थली में श्रीमद् भागवत कथा कहने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ है। *महात्माओं के दर्शन, त्रिवेणी संगम, प्राचीन मठ इन सबको देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि हम अयोध्या धाम में ही बैठकर कथा सुना रहे हैं*। मंच पर मुख्य यजमान के रूप में हमेशा की तरह महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज विराजित थे। प्रथम दिवस कथा का रसपान करने के लिए छत्तीसगढ़ उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश टीपी शर्मा जी अपने सहयोगियों सहित उपस्थित हुए ।

उन्होंने भी स्रोताओं को संबोधित किया और कहा कि -श्रीमद् भागवत महापुराण में परीक्षित जी को एक संत ने रास्ता बताया कि आज से सातवें दिवस आपकी मृत्यु होगी ! हम सभी की मृत्यु भी सात दिनों के अंदर ही होती है। महाराज जी का हमें जब भी निर्देश प्राप्त होता है हम उपस्थित हो जाते हैं। उन्होंने हमें कथा शुभारंभ के प्रथम दिवस उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया था आज हम सभी उपस्थित हुए हैं। पूर्व मुख्य न्यायाधीश जी के साथ कार्यक्रम में पूर्व आईजी पी एन तिवारी, पूर्व कलेक्टर बृजेश मिश्रा, अनिल शर्मा, अशोक तिवारी, राकेश तिवारी आदि अनेक अति विशिष्ट नगरीकरण उपस्थित हुए।

## जांजगीर-चांपा में धान खरीदी सहकारी समिति कर्मचारी संघ की हड़ताल समाप्त



**आज सोमवार से सभी कर्मचारी लौटेंगे ड्यूटी पर**

**धान खरीदी पर छाए विभागीय कर्मचारियों की कमी हुई दूर**

**जांजगीर-चांपा ।** जिले में सहकारी समिति कर्मचारी संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त होने के बाद आज सोमवार से जिले में विभागीय कर्मचारियों ने धान खरीदी का कार्य सम्हाल लिया है जिससे खरीदी पर छाए कर्मचारी संकट खत्म हो गया है । ज्ञात हो कि गत दिवस सहकारी समिति कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय के समक्ष उपस्थित होकर लिखित में हड़ताल समाप्त करने का निर्णय सौंपा। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि किसानों के हित और प्रशासनिक पहल पर और किसानों के हित को देखते हुए हड़ताल स्वेच्छा से वापस ली गई है।

संघ की ओर से दी गई लिखित सूचना के अनुसार, सभी कर्मचारी सोमवार से अपने-अपने खरीदी केंद्रों में नियमित रूप से कार्यभार संभालेंगे। इससे जिले में धान खरीदी की सभी गतिविधियाँ फ्रि से सुचारू रूप से संचालित होंगी।

हड़ताल के दौरान भी प्रशासन ने समय रहते वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की थी। ग्राम पंचायत सचिव, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा नव-प्रशिक्षित ऑपरेटर इन सभी को खरीदी केंद्रों पर तैनात कर खरीदी प्रक्रिया को निरंतर जारी रखा गया। इससे किसानों को बड़े संकट से राहत मिली और खरीदी का काम बाधित नहीं होने दिया गया। समिति प्रबंधक संघ ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के समक्ष हड़ताल समाप्ति की घोषणा की। हड़ताल खत्म होने से धान खरीदी केंद्रों में आने वाले दिनों में पूर्ण क्षमता के साथ खरीदी कार्य संचालित होगा। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने होगी।

## जिला पंचायत सीईओ ने धुरकोट, मुनुंद एवं भड़ेसर धान उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण

### प्रभारियों को धान खरीदी की सुचारू व्यवस्था हेतु दिए आवश्यक निर्देश

जांजगीर-चांपा/

कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ श्री गोकुल रावटे ने आज ग्राम पंचायत धुरकोट, मुनुंद एवं भड़ेसर स्थित धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारी से पंजीकृत किसानों की संख्या, बारदाना उपलब्धता, मूलभूत सुविधाएँ एवं टोकन सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




जिला पंचायत सीईओ ने उपार्जन केंद्रों में मौजूद किसानों से भी बातचीत मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस पर उन्होंने प्रभारियों को शासन के निर्देशों के अनुरूप धान खरीदी करने, किसानों की सुविधा के लिए समय पर तौल एवं बारदाना वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए और सभी किसानों को सुगमता के साथ सुविधाए उपलब्ध हो। इस अवसर पर जनपद पंचायत नवागढ़ सीईओ श्री अनिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने जनदर्शन कार्यक्रम में सुनी आमजनों की समस्याएं प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध निराकरण करने के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा /** कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं को प्राथमिकता के साथ और समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुल 59 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में आज तहसील नवागढ़ के ग्राम तुलसी निवासी श्रीमती लीला मधुकर द्वारा राशन कार्ड से संबंधित, तहसील जांजगीर के ग्राम पेण्ड्री निवासी श्रीमती पुनीबाई द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, चांपा के बजरंगी चौक मेहर पारा निवासी श्रीमती सत्यभामा देवांगन द्वारा पेंशन दिलाने, ग्राम मरकाडीह निवासी श्री अरविन्द कुमार द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि योजना संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए।



### पारींखुर्द शाला प्रांगण में बाल मेला एवं सम्मान समारोह संपन्न

राजनांदगांव। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण पारीं खुर्द में आज हर्षोल्लास के साथ बाल मेला एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पूरे गांव ने इस कार्यक्रम को त्यौहार की तरह मनाते हुए बड़े उत्साह से सहभागिता की। कार्यक्रम में बाल मेला, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और छात्र-छात्राओं के सम्मान का आयोजन किया गया। शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम एवं द्वितीय स्थान हेतु सम्मानित किया गया, जिनमें प्रमुख रूप से खेमेन्द्र निषाद, माही यादव, गुणमय साहू, रुस्तम साहू, हर्ष साहू, तमन्ना साहू, अंकुश साहू, लोमेश निषाद, राशि साहू, तनमय साहू, रुद्र कुमार साहू, सावन कुमार निषाद, कुंजन निषाद, विभा साहू, वंदना वैष्णव तथा भूमिका निषाद इन सभी को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

## कृषि विज्ञान प्रक्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी रहे कलम बंद हड़ताल पर

**जांजगीर चांपा /** आज कृषि विज्ञान प्रक्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी विभिन्न मांगो को लेकर एक दिवसीय कलम बंद हड़ताल पर रहे । उनकी मांगों में कृषि विज्ञान केंद्रों के विषय वस्तु विशेषज्ञों, प्रक्षेत्र प्रबंधकों, कार्यक्रम सहायकों को पूर्व की भांति पूर्ण वेतनमान, चिकित्सा भत्ता, क्रमोन्नति, एनपीएस, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष सभी यथावत लागू करने ,

इगाकृविवि प्रबंध मंडल को एक्रीप के समतुल्य केवीके अधिकारी एवं कर्मचारियों को समान सुविधाओं का विस्तार करना , वि वि के अधिकारियों कर्मचारियों को हर समान सुविधाएं मिल रही है तो केवीके कर्मीयो को भी पूर्व की भांति मिले , वि वि केवीके के समस्त पदों को कृषि महाविद्यालयों अनुसंधान केंद्रों एवं अनुसंधान प्रक्षेत्रों में संविलियन करना सहित अन्य मांगे शामिल है । इस दौरान डॉ.चंद्रशेखर खरे, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक प्रक्षेत्र प्रबंधक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे ।



## खास खबर

### श्रद्धा महिला मंडल ने विद्यार्थियों को किया अध्ययन एवं खेल सामग्री का वितरण

बाल दिवस पर बच्चों को लिए किया विशेष भोजन की व्यवस्था

कोरबा । श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल, बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन के मार्गदर्शन में सृष्टि महिला समिति, एसईसीएल, कोरबा क्षेत्र द्वारा दिनांक 14.11.2025 को बाल दिवस के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला, ओमपुर के विद्यार्थियों को अध्ययन एवं खेल सामग्री वितरण के साथ ही विशेष भोजन आयोजित किया गया। इस सेवा भाव कार्यक्रम में जूते, ड्राइंग कॉपी, रंग सामग्रियाँ, पेंसिल एवं पेन सेट, पेन्सिल बॉक्स का 40 सेट वितरण किया गया।

इसके अलावा खेल सामग्री में बैडमिंटन रैकेट (02 जोड़े) कॉक्स, क्रिकेट बैट (02) क्रिकेट बॉल, फुटबॉल, स्किपिंग रोप का विवरण किया गया, जिसमें 40 विद्यार्थी, 03 रसोईया दीदियाँ, संकुल प्रभारी -1, हेडमास्टर एवं शिक्षक लाभान्वित हुए ।

इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक एवं खेल सामग्री उपलब्ध कराकर उनके शिक्षण और शारीरिक विकास में सहयोग देना, विद्यालय स्टाफ का सम्मान कर उनका मनोबल बढ़ाना तथा बाल दिवस के अवसर पर विशेष भोजन के माध्यम से बच्चों में खुशी, उत्साह और सामाजिक जुड़ाव की भावना को प्रोत्साहित करना था।

बच्चों के लिए बाल दिवस पर विशेष भोजन की व्यवस्था की गई, जिसमें- पूरी, खीर, छोले, पुलाव, सलाद, पापड़ आदि का स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन परोसा गया। विद्यार्थियों ने इस विशेष भोजन का हर्ष एवं उत्साह के साथ आनंद लिया।

यह कार्यक्रम सृष्टि महिला समिति के समर्पित टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समिति द्वारा किया गया यह प्रयास बच्चों के सर्वांगीण विकास, प्रोत्साहन तथा विद्यालय परिवार के मनोबल वृद्धि की दिशा में एक सराहनीय योगदान है।

### जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत 30 तक विशेष अभियान का होगा आयोजन

कोरबा । जिले में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत 15 नवम्बर 2025 से 30 नवम्बर 2025 तक विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। योजना के तहत पात्र परिवारों के प्रथम बच्चे के जन्म पर 2 किश्तों में 5 हजार तथा द्वितीय बालिका संतान होने पर एकमुश्त 6000 दिये जाने का प्रावधान है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला व बाल विकास ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान मजदूरी के नुकसान की भरपाई के लिए महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार एवं तंग पोषण के प्रभाव को कम करना है। योजना का लाभ लेने हेतु एवं अधिक जानकारी के लिए अपने नजदीकी आंगनबाड़ी एवं परियोजना कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।


मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री श्री लखनलाल देवांगन शामिल;

# भगवान बिरसा मुंडा के अमर योगदान को स्मरण कर किया नमन'

### भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में कोरबा में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित'

कोरबा लोकशक्ति।

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर कोरबा जिले में राजीव गांधी ऑडिटोरियम में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के नर्मदा से वर्चुअली आमजनों को संबोधित कर जनजाति गौरव दिवस की षुभकामनाएं दी साथ ही अनेक विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया। जिसके अंतर्गत कोरबा जिले मेंएकलव्य आदर्ष आवासीय विद्यालय रामपुर एवं पीएम जनमन के तहत केराकछार में बहुउद्देषीय केन्द्रनिर्माण कार्य षामिल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा स्वीकृत इन परियोजनाओं से शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना और जनजीवन से जुड़े अनेक क्षेत्रों में गति आएगी, जिससे जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर में महत्वपूर्ण सुधार होगा।



जिला मुख्यालय कोरबा में राजीव गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बिरसा मुंडा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके माध्यम से उनके त्याग, संघर्ष और समर्पण को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया।ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री श्री मोदी के उद्बोधन को आमजनों ने वर्चुअली सुना एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का संदेश( पाती) उपस्थित जनसमूह को पढ़कर सुनाया। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संदेश में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, अद्वितीय जननेता और क्रांति के प्रतीक रहे हैं। उन्होंने आदिवासी समाज को जागृति, सम्मान और अधिकारों के लिए संघर्ष करने का मार्ग दिखाया। इसी अद्वितीय योगदान के कारण राष्ट्र उन्हें धरती का पिता कहकर सम्मानित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस, बिरसा मुंडा के आदर्शों को अपनाने और नई पीढ़ी तक उनके संदेश को पहुंचाने का अवसर है।

मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और राज्य सरकार जनजातीय समाज के शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, वनाधिकार तथा सांस्कृतिक संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों में विकास की रफ्तार तेज हुई है और शासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक सरलता से पहुँचे। महापौर श्रीमती राजपूत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के ब्रिटिष षासन के प्रति उनके आंदोलन एवं जनजाति संस्कृति संरक्षण के लिए किए गए कार्यो के लिए धरती आबा के नाम से विख्यात है। उनके याद में आज का दिन जनजाति गौरव महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। केन्द्र एवं प्रदेष सरकार भी उनके बताए मार्गो में चलकर सभी योजनाओं काषत प्रतिषत लाभ आदिवासियों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने आमजनों को जनजाति गौरव दिवस कीषुभकामनाएं देते हुए महानायक भगवान बिरसा मुंडा के कार्यो पर प्रकाष डाला। उन्होंनें कहा कि देष की आजादी की लड़ाई में अंग्रेजीषासन के विरूद्ध उन्होने कठिन परिस्थितियों में लड़ाई लड़ी। आदिवासी संस्कृति, पारंपरिक रीति रिवाज की रक्षा हेतु जनजातियों को जागृत किया। इस हेतु उन्हें भगवान के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में देष के आदिवासी महानायकों गुण्डाधुर, वीर नारायणर सिंह का योगदान अमूल्य है। उन्होंने महानायकों के आदर्षो का अनुसरण करते हुए आमजनों को देष के विकास में योगदान देने का आग्रह किया।

## टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से लक्ष्यापूर्ति करने हेतु किया निर्देशित

**सीएचसी पोड़ी उपरोड़ा में जल्द शुरू होगी शैल्य क्रिया, कलेक्टर ने आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

**o o गर्भवती माताओं में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की**

**o प्राथमिकता से करें पहचान- कलेक्टर'**

**o एसएचसी उरगा व पाली के एसएचसी पोड़ी में संस्थागत प्रसव कार्य में लापरवाही बरतने पर सीएचओ को नोटिश देने के दिए निर्देश**

**o कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक**



कोरबा कलेक्टर श्री अजीत वसंत की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने जिले में टीबी-कुष्ठ उन्मूलन, सिकलसेल जॉच, एचआरपी, मातृस्वास्थ्य, प्रसव, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, परिवार कल्याण, आयुष, आरबीएसके, एनआरसी सहित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं विभागीय कार्यो की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले में नए स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण की स्वीकृति उपरांत आवश्यकता वाले स्थानों पर नए स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण हेतु विभाग को परीक्षण कर प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रो में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों हेतु निर्मित किए जा रहे आवासीय भवन निर्माण कार्य में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए। यथास्थानों में पेयजल आपूर्ति का कार्य भी शीघ्रता से पूर्ण कराने की बात कही।

कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मानव संसाधन की उपलब्धता के सम्बंध में जानकारी लेते हुए जिले के दूरस्थ क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी उपरोड़ा में जल्द से जल्द शैल्य क्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएमएचओ को इस हेतु कार्ययोजना तैयार कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही दूरस्थ क्षेत्रो में पदस्थ चिकित्सकों की अन्य केंद्रों में संलग्न नही करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में कलेक्टर ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए अनिवार्य रूप से लक्ष्यपूर्ति करने के निर्देश दिए। इस हेतु फील्ड पर स्क्रीनिंग, सैंपल कलेक्ट करने एवं जांच करने का कार्य गम्भीरता से पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नही बरतने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। साथ ही टीबी मरीजों को निक्षय कीट का वितरण भी समय पर सुनिश्चित करने की बात कही। कलेक्टर ने जिले में निजी चिकित्सालयों में नर्सिगं होम एक्ट के पालन सुनिश्चित करने एवं आयुष्मान में फर्जी क्लेम की जांच करने के निर्देश दिए। मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त गर्भवती माताओं में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं में एचआरपी पर सतत निगरानी बनाएं रखें। साथ ही स्वास्थ्य कर्मचारियों के माध्यम से एएनसी रजिस्ट्रेशन, सुरक्षित प्रसव, प्रसव उपरांत शिशुवती माताओ की देखभाल की पूरी प्रक्रिया पर पूर्ण निगरानी रखने की बात कही। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में निर्धारित लक्ष्य अनुसार संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराने निर्देशित किया। कलेक्टर ने कोरबा के उप स्वास्थ्य केंद्र उरगा एवं पाली ब्लॉक के उप स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी में संस्थागत प्रसव की उपलब्धि शून्य होने के कारण दोनों केंद्रों के सीएचओ को नोटिश जारी करने के निर्देश दिए।

## कैबिनेट मंत्री श्री लखन लाल की उपस्थिति में सहकारी समिति सोनपुरी में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ

**o समिति में किसान का पुष्पमाला भेंटकर किया गया स्वागत, विधिवत पूजा अर्चना कर धान खरीदी की हुई शुरुआत**

**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानो से धान खरीदी कार्य का शुभारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी व सार्वजिनक उपक्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन की उपस्थिति में विकासखण्ड कोरबा के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित केंद्र सोनपुरी में धान खरीदी कार्य का शुभारंभ हुआ। उन्होंने समिति में धान विक्रय के लिए आए कृषक श्री फूल सिंह राठिया का पुष्पमाला एवं शॉल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया एवं इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना कर धान खरीदी की विधिवत शुरुआत की। मंत्री श्री देवांगन ने किसान से उनकी उपज के सम्बंध में जानकारी ली एवं धान विक्रय के लिए बधाई दी। ग्राम सोनपुरी के कृषक श्री फूल सिंह राठिया द्वारा आज उपार्जन केंद्र में 10 क्विंटल धान विक्रय हेतु लाया गया था। उन्होंने बताया कि धान विक्रय में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नही हुई एवं टोकन भी मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त किया। विधायक रामपुर श्री फूल सिंह राठिया, कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने भी किसान श्री राठिया को उपज विक्रय के लिए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री वसंत ने धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित कराने हेतु केंद्र में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## ग्राम पंचायत लालपुर में विकास कार्यों के नाम पर भारी गड़बड़ी

**कलेक्टर से शिकायत कर कार्यवाही की मांग**

**कोरबा** । जनपद पोड़ी-उपरोड़ा ग्राम पंचायत लालपुर में विकास कार्यों के नाम पर भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। वर्तमान सरपंच धनेश्वर सिंह ओरकेरा और ग्रामीणों ने कलेक्टर को शिकायत देकर पूर्व सरपंच रामकलीराज और तत्कालीन सचिव सूरज जायसवाल पर लाखों रुपये गबन करने का आरोप लगाया है। शिकायत में बताया गया है कि वर्ष 2010-11 से 2016-17 के बीच 12वीं और 13वीं वित्त से कई निर्माण कार्य कागजों में दिखाकर राशि निकाली गई, जबकि जमीन पर कोई काम नहीं मिला।

जिन कामों पर सवाल उठे हैं उनमें सार्वजनिक कुआं मरम्मत, चबूतरा, साइड कूप, लालपुरदूबोड़ानाला पुल, तालाब गहरीकरण, बस्तीपारा सीसी रोड व नाली, और सामुदायिक भवन जैसे काम शामिल हैं। कई जगह लाखों रुपये खर्च दिखाए गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि फर्जीवाड़े के कारण पंचायत में विकास वर्षो से ठप है। मजदूरों को बस्तीपारा सीसी रोड की मजदूरी तक नहीं मिली। सरपंच ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जिला प्रशासन ने शिकायत प्राप्त कर ली है और जल्द जांच शुरू होने की संभावना है।

## मेहनत की कमाई लेकर उत्साह से उपार्जन केंद्र पहुँचे फूल सिंह, सही मूल्य और सुव्यवस्थित खरीदी से बढ़ा परिवार की समृद्धि का भरोसा'

**धान विक्रय में नहीं हुई किसी प्रकार की समस्या, टोकन मिलने से लेकर धान तौलाई कार्य में नहीं हुई कोई कठिनाई - किसान फूल सिंह**

कोरबा लोकशक्ति।



छत्तीसगढ़ सरकार की किसान हितैषी योजनाओं और फैसलों से अन्न उपजाने वाले किसानों में प्रसन्नता का माहौल है। खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से शुरू हो चुकी है। जिससे किसानों में उत्साह का माहौल है। इसके लिए जिला प्रशासन ने 65 उपार्जन केंद्रों में टोकन वितरण, बारदाना उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीनों की व्यवस्था और भुगतान प्रणाली को सुव्यवस्थित रूप से तैयार किया है, जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो और खरीदी प्रक्रिया सहज एवं व्यवस्थित रुप से संचालित हो सके। कोरबा विकासखंड के उपार्जन केन्द्र सोनपुरी में अपनी उपज विक्रय के लिए पहुंचे गांव के परिश्रमी किसान श्री फूल सिंह राठिया खरीदी केंद्र में की गई व्यवस्थाओं की खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज उनकी मेहनत रंग लाई है और वे धान विक्रय के लिए उत्साहित हैं। उनका कहना है कि किसान अच्छी पैदावार के लिए कड़ी मेहनत करता है और अपनी उपज को उपार्जन केंद्र में पहुँचाकर ही उसे वास्तविक खुशी मिलती है। 1.5 एकड़ भूमि में मेहनत से खेती करने वाले फूल सिंह का परिवार चार सदस्यों का है, और खेती ही उनकी मुख्य आजीविका है। इस बार वे 10 क्विंटल धान लेकर केंद्र पहुँचे और बताते हैं कि पूरी प्रक्रिया में उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने बताया कि घर बैठे मोबाइल से ऑनलाइन टोकन प्राप्त करना उनके लिए बेहद सहायक साबित हुआ। इस डिजिटल सुविधा ने लंबी कतारों और अनावश्यक समय-व्यय से उन्हें पूरी तरह मुक्त कर दिया।

राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 21 क्विंटल प्रति एकड़ की सीमा और 3100 रुपए प्रति क्विंटल के समर्थन मूल्य ने किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत आधार दिया है। फूल सिंह बताते है कि इस मूल्य से उन्हें अपनी मेहनत का उचित प्रतिफल मिल रहा है और इससे आगामी कृषि कार्यों के लिए बेहतर तैयारी करने में भी सहायता मिलेगी।

# कोरबा-धान उपार्जन केन्द्रों के लिए प्रभारी नियुक्त

लोकशक्ति

**कोरबा** । कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा समिति कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण धान उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से संचालित किए जाने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था के तहत समिति कर्मचारियों के स्थान पर सुविधानुसार सहकारिता, खाद्य, कृषि विभाग एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारियों को धान उपार्जन हेतु उपार्जन केन्द्र प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिसमें विकासखंड कटघोरा अंतर्गत 08, करतला- 18, कोरबा - 12, पाली- 15 और विकासखंड पोंड़ी उपरोड़ा अंतर्गत 12 कुल 65 धान उपार्जन केन्द्र शामिल हैं। जारी आदेष के अनुसार कटघोरा विकासखंड अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र कटघोरा हेतु खाद्य निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार लांझी, छुरीकला-सहकारिता निरीक्षक सुस्मिता लकड़ा, सुमेधा-खाद्य निरीक्षक संतोष कंवर, जवाली-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मीनाक्षी ठाकुर, रंजना-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अमृता श्रीवास्तव, दूरपा-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी धनेष्वर प्रसाद लहरे, भिलाईबाजार-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रामलाल रविन्द्र और उपार्जन केन्द्र अखरापाली हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मुकेष कुमार लहरे को उपार्जन केन्द्र प्रभारी नियुक्त किया गया है।





इसी तरह विकासखंड करतला अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र करतला हेतु एसएडीओ अजय कवंर, केरवाद्वारी-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी महेन्द्र सिंह यादव, नवापारा-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गजेन्द्र सिंह कवंर, बेहरचुवां-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बेदराम राठिया, रामपुर-सहकारिता निरीक्षक एल.एन.जायसवाल, कनकी-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय कुमार सोनवानी, मदवानी-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी आर.के.टंडन, कोथारी-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अनिल साण्डे, चिकनीपाली-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कामता प्रसाद साहू, लबेद-उद्यान विकास अधिकारी हीरालाल देवांगन, तुमान-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजुकुमार पाटले, पठियापाली-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रजनीष सिंह, फरसवानी-खाद्य निरीक्षक पारण सोलंकी, बरपाली-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजकुमार ताड़िया, उमरेली-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी हरि सिंह कवंर, सुखरीकला- सहकारिता निरीक्षक जी.आर.भतरा, कराईनारा- सहकारिता निरीक्षक एच.के.चैहान और उपार्जन केन्द्र सोहागपुर हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नरेन्द्र कुमार देवांगन को उपार्जन केन्द्र प्रभारी नियुक्त किया गया है।

विकासखंड कोरबा अन्तर्गत धान उपार्जन केन्द्र चिर्रा हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मिनी गुप्ता, लेमरू-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रूद्रेष्वर सिंह मरावी, श्यांग-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भूपेन्द्र मैत्री, दादरखुर्द-वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक संतोष कुमार कवंर, सोनपुरी-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुजाता मुंगेल, कुदमुरा-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मेमसिंह कवंर, कोरकोमा-सहकारिता विस्तार अधिकारी सुभद्रा सिदार, चचिया-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी झूगलू सिंह मरकाम, बरपाली(कोरबा)-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मोहम्मद सज्जाद, तिलकेजा-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कृष्णा कंवर, कुदुरमाल- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी राजेन्द्र कुमार बघेल और उपार्जन केन्द्र भैंसमा हेतु खाद्य निरीक्षक उर्मिला गुप्ता को केन्द्र प्रभारी नियुक्त किया गया है।

विकासखंड पाली अन्तर्गत धान उपार्जन केन्द्र चैतमा हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रविन्द्र सिंह, निरधि-सहकारिता निरीक्षक भूपेन्द्र साहू, नुनेरा-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बी.एस.मरावी, पाली-खाद्य निरीक्षक रवि कुमार राय, पोंड़ी-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी बी.एल.पैकरा, बक्साही-पर्यवेक्षक सह शाखा प्रबंधक सीसीबी पाली रेवती रमन कष्यप, चनवारीनवापारा-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी यू.आर.लहरे, पोटापानी-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी विष्वेष दुबे, लाफा-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एच.सी.सेन्द्रे, सपलवा-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी नवीन कुमार जायसवाल, उतरदा-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रघुनंदन सिंह कंवर, बोईदा- ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एल.एन.पैकरा, कोरबी (पाली)-ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ।

## न्याय की नींव रखेगा बचपन, विधिक सेवा प्राधिकरण ने दी नई दिशा''

कोरबा ।

छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के अनुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशानुसार वात्सल्य पब्लिक स्कूल ग्राम तरदा में विधिक जागरूकता एवं बाल अधिकार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नन्हे बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा कानूनों एवं संरक्षण की जानकारी देना रहा। बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को अनुशासन के संबंध में प्रमुखता से बताया गया साथ ही गुड टच बेड टच व परिजन/शिक्षको की बात को सुनकर उनके अनुभव से सीखने के संबंध में प्रेरणा दी गई । किसी भी घटना के होने पर अपने परिजन व शिक्षकों को अवगत कराने हेतु समझाईस दी गई। डपदपेजतल वf क्ममिदबम दक डपदपेजतल वf म्कनबंजपवद चतवनकसल बवदमिते वीर गाथा 5.0 भारत सरकार से पुरस्कृत बच्चों को प्रशस्ति प्रत्र से सम्मानित किया गया।

सचिव कु0 डिंपल ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा- हर बच्चा सुरक्षित, शिक्षित और सम्मान जनक वातावरण पाने का अधिकार रखता है। ''कानून आपकी ढाल है और जागरूकता आपकी ताकत है''। कोई भी व्यक्ति यदि उन्हें चोट पहुचाये, शोषण करे, मजबूर करे तो व कैसे और कहॉ शिकायत दर्ज करा सकते है इसके संबंध में जानकारी दी गई।

आयोजित बाल मेला 2025 बच्चों की उमंग, सीख और जागरूकता का आकर्षण का संगम बना। आयोजित विशेष जागरूता शिविर में बच्चों को उनके कर्तव्यों एवं अधिकारों कानूनी प्रावधानों की सरल भाषा में जानकारी दी गई । बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम मंचन किया गया।

इस अवसर पर पैरालीगल वॉलेंटियर्स त्रियुगी नारायण राजवाड़े, गोपाल चन्द्रा, सहित वात्सल्य पब्लिक स्कूल तरदा के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित स्थानीय एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।




मुख्यमंत्री जगदलपुर में शासकीय जगतु माहरा बस्तर हाईस्कूल के शताब्दी वर्ष समारोह कार्यक्रम में आज शामिल हुए

# मुख्यमंत्री बोले- कांग्रेस फ्यूज बल्ब, जनता का विश्वास ही सरकार की सबसे बड़ी शक्ति

रायपुर, संवाददाता।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अब विपक्षी दल पूरी तरह फ्यूज बल्ब हो चुके हैं। विपक्ष की स्थिति अब ऐसी हो गई है कि वे लगातार हार से बौखला गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब कभी विपक्ष को जीत मिल जाती है तो न वे चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हैं और न ईवीएम पर, लेकिन जैसे ही हार होती है, वे उन्हीं संस्थाओं पर उंगली उठाने लगते हैं। यह रवैया लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और जनता के विश्वास के साथ अन्याय भी है।

आज पत्रकारों के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि देश की जनता अब सब समझती है और विपक्ष की इन विरोधाभासी बातों से उनका भरोसा पूरी तरह उठ चुका है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनाधार से जुड़कर काम करने की आवश्यकता होती है, लेकिन विपक्ष जनता से दूर होता जा रहा है और निराधार आरोप लगाकर सिर्फभ्रम फैलाने में लगा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार केंद्र के मार्गदर्शन में पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। जनता का विश्वास ही सरकार की सबसे बड़ी शक्ति है और यही विश्वास विपक्ष खो चुका है।

## भेज्जी-चिंतागुफा के जंगलों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भिड़ंत, तीन नक्सलियों के ढेर होने की सूचना

**सुकमा,संवाददाता।** जिले के भेज्जी और चिंतागुफा के घने पहाड़ी इलाकों में रविवार सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ छिड़ गई। जानकारी के अनुसार, इस मुठभेड़ में अब तक तीन नक्सलियों के मारे जाने की खबर सामने आई है, हालांकि अधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है।

सूत्रों के मुताबिक, नक्सल गतिविधियों की सूचना मिलने पर छत्रन्न के जवान सर्च ऑपरेशन पर निकले थे। जैसे ही टीम जंगल के अंदरूनी क्षेत्र में पहुंची, घात लगाए बैठे नक्सलियों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में जवानों ने भी मोर्चा संभालते हुए पलटवार किया। घटना स्थल पर दोनों ओर से रुक-रुक कर गोलियों की आवाज गूंज रही है। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और अभियान जारी है। अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

## स्कील डेव्लपमेंट के नाम पर महिला से 5 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर,** । सहारा जनसेवा कल्याण समिति ने स्कील डेव्लपमेंट के नाम पर महिला से 5 लाख 40 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पुष्पा नामदेव 38 वर्ष संतोषी नगर टिकरापारा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी राजू बाघ ने सहारा जनसेवा कल्याण समिति में सदस्यों को जोड़कर स्कील डेव्लपमेंट के नाम पर 5 लाख 40 हजार रुपए ऐंठ लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, (आरएनएस)।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में सांई नगर गंज निवासी मनीष श्रीवास 23 वर्ष ने गंज थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमसी 1840 को फाफाडीह स्थित होटल अजंता के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में बेहरा कालोनी निवासी भगत दास बेहरा 46 वर्ष ने गोलबाजार थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केआर 4455 को डीकेएस भवन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सुरक्षा बलों ने तीन नक्सलियों को ढेर किया, इनामी कमांडर भी मारा गया

**सुकमा,**। जिले के तुमालपाड़ जंगल क्षेत्र में रविवार सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच जोरदार मुठभेड़ हुई। विश्वसनीय मुखबिरी के आधार पर डीआरजी की टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। जवानों के पहुंचते ही घात लगाए बैठे नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद दोनों तरफसे लंबे समय तक रुक-रुककर गोलीबारी चलती रही।

# कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी ने आरंग के क्षेत्रीय कार्यालय में किया जनदर्शन

### 71 प्राप्त आवेदनों में अधिकांश का त्वरित निराकरण, 50 पीएम आवास हितग्राहियों को मिले स्वीकृति पत्र*

रायपुर, संवाददाता



छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं आरंग विधानसभा क्षेत्र के विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने आज यहां आरंग के नेताजी चौक स्थित अपने क्षेत्रीय कार्यालय में जनदर्शन आयोजित किया। मंत्री बनने के बाद पहली बार अपने क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे मंत्री का आमजन और जनप्रतिनिधियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सुबह से ही कार्यालय परिसर में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी तथा बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जनदर्शन कार्यक्रम में 71 प्राप्त आवेदनों में अधिकांश का त्वरित निराकरण किया और 50 पीएम आवास हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया।

जनदर्शन के दौरान आरंग के साथ-साथ प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं मंत्री को बताई। गुरु खुशवंत साहेब ने प्रत्येक फरियादी की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान करना है, इसलिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। जनदर्शन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के 50 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। स्वीकृति पत्र पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके अलावा जनदर्शन में कुल 71 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का निराकरण कार्यक्रम स्थल पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों पर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर जल्द कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आरंग विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी मैदानी स्तर पर सक्रिय रहकर जनता से जुड़े और समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। जनदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, बुजुर्ग, युवा, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं विभिन्न समुदायों के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

## राजनांदगांव पुलिस की महत्वपूर्ण अपील

राजनांदगांव, धान खरीदी के बाद बैंक से राशि निकालते समय जेब-कतरों, छिनैती व लूट की घटनाएँ बढ़ जाती हैं। नागरिकों की सुरक्षा के लिए राजनांदगांव पुलिस निम्न सलाह देती है – नागरिकों से अनुरोध 1. अकेले बड़ी राशि निकालने न जाएँ। विश्वसनीय परिजन/मित्र को साथ ले जाएँ।

2. बैंक से पैसा निकालकर रास्ते में किसी को भी राशि न दिखाएँ और न ही बातचीत में इसकी जानकारी दें। 3. यदि संभव हो तो राशि को एक बार में पूरी न निकालें – किश्तों में निकालना अधिक सुरक्षित है। 4. बैंक से निकलते ही मोबाइल पर कॉल न करें और आसपास के माहौल पर ध्यान रखें। 5. किसी भी संदिग्ध व्यक्ति/वाहन/गतिविधि को तुरंत अपने थाना प्रभारी को सूचना दें।

**बैंक स्टाफ और प्रबंधन से अनुरोध**

1. बैंक के बाहर खड़े अनजान व्यक्तियों या संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना पुलिस को दें। 2. बैंक परिसर में CCTV सही स्थिति में रखें और प्रवेश/निकास पर निगरानी बढ़ाएँ।

3. बड़ी राशि निकालने वाले ग्राहकों को सावधानी संबंधी सलाह दें।

**ग्राम स्तर पर अपील**

1. कोटवार, सरपंच, सचिव और ग्राम स्तर के समूह अपने-अपने गांव में नियमित जागरूकता संदेश चलाएँ। 2. बाहरी/अपरिचित व्यक्तियों के आगमन पर ग्रामवासियों को सतर्क रहने की सलाह दें।

## कलेक्टर रोहित व्यास ने ईचकेला पहुंचकर बालिका क्रिकेट टीम का उत्साह बढ़ाया सरगुजा ज़ोन को राज्य स्तरीय अंडर-17 टूर्नामेंट में मिला गोल्ड मेडल

जशपुरनगर, संवाददाता



कलेक्टर रोहित व्यास ने रविवार को जशपुर विकासखंड के ग्राम ईचकेला पहुंचकर राज्य स्तरीय अंडर-17 बालिका क्रिकेट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने टीम के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि जशपुर के बच्चे खेल समेत हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।कलेक्टर व्यास ने बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए जिला प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने बताया कि बच्चों को बेहतर अभ्यास के लिए उपयुक्त मैदान, बैट, बॉलिंग मशीन सहित आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। उनके अनुसार, आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के बच्चे स्वाभाविक रूप से प्रतिभाशाली होते हैं और सही मार्गदर्शन मिलने पर ऊंचाइयां छू सकते हैं।कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षिका पंडरी बाई के प्रयासों की प्रशंसा की, जिनके निरंतर मार्गदर्शन से पिछले 3-4 वर्षों 1से बालिकाओं को क्रिकेट प्रशिक्षण मिल रहा है। इसी मेहनत का परिणाम है कि अंडर-17 टीम ने राज्य प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया।कोच संतोष कुमार और शंकर सोनी के प्रशिक्षण को भी उन्होंने सराहा।टूर्नामेंट में ईचकेला की आकांक्षा रानी ने सर्वाधिक रन बनाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, वहीं गेंदबाजी में नीतिका, गायत्री और अलका रानी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।सरगुजा टीम में लुथरन स्कूल ईचकेला की कई खिलाड़ियों–आकांक्षा रानी, अमिषा लकड़ा, जिज्ञासा कुजुर, अनन्या सिदार, गायत्री बाई, अभिलाषी बरा, अविना बाई, झूमुर तिर्की, दीपिका भगत, अलका रानी कुजुर और नितिका बाई–ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।6 से 9 नवंबर को कांकेर में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय स्कूल अंडर-17 गर्ल्स क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर, दुर्ग, बस्तर, बिलासपुर और सरगुजा–इन पाँच ज़ोन ने भाग लिया था। सभी टीमों को मात देकर सरगुजा ज़ोन ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया।इस दौरान डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, सहायक आयुक्त संजय सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधि और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी संचालक गिरफ्तार

### बाड़ी में ताला तोड़कर कृषि उपकरण एवं अन्य सामग्री चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव, संवाददाता।

पुलिस अधीक्षक महोदय अंकिता शर्मा जिला राजनांदगांव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राहुलदेव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन मे चौकी प्रभारी निरीक्षक दिलीप पटेल पुलिस चौकी तुमडीबोड के नेतृत्व में क्षेत्र मे विगत दिनो में घटित चोरी का घटना पर प्रार्थी कमलेश्वर दास वैष्णव पिता स्व0 प्रभुदास वैष्णव उम्र 65 वर्ष साकिन वार्ड नं0- 06 चिखली पुलिस चौकी चिखली थाना कोतवाली जिला राजनादगांव द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके सुने बड़ी स्थित मकान में दिनांक 13/11/2025 को बोर में लगा केबल वायर लगभग 20 फिट, खेत में स्थित मकान से कृषि उपयोगी समान तथा एक नग स्पेयर मशीन, दो नग टगिया, दो नग हसिया, लोहे का पाईप, दो नग ताबे का 150 से 200 फीट वायर को तथा खेती बड़ी का उपकरण कोई अज्ञात चोर द्वारा ताला तोड़ कर चोरी कर ले गया है, कुल मशरुका किमती लगभग 20,000 रूपये होना बताया है कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान मुखबिर से सुचना पर संदेही जितेन्द्र साहू को हिरासत में लेकर पुछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लेख किया गया जो उक्त चोरी सुदा समान अपने घर में छिपा कर रखना बताये जाने पर समक्ष गवाहन जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा चोरीशुदा बोरींग का हिस्सा वा पाईप को काट कर तथा बिजली तार को जलाकर राजनादगांव में कबाडी वाले के पास बेचना बताये जाने पर आरोपी के निशानदेही पर कबाडी संचालक सोएब मेमन पिता स्व0 इमरान मेमन उम्र 19 वर्ष साकिन गंज चौक उदयाचंल अस्पताल के सामने मकान न्र0-28/28 राजनादगांव थाना बसंतपुर जिला राजनादगांव को पुछताछ करने पर चोरीशुदा समान खरीदना बताकर उक्त बिजली तार तथा बोरिंग का पाईप और बोरिंग हिस्सा लाकर पेश करने पर समक्ष गवाहन वजह सबुत में जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है, आरोपीगणो द्वारा जुर्म स्वीकार किये जाने पर विधीवत् गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में पुलिस चौकी तुमडीबोड़ प्रभारी दिलीप पटेल, सउनि. चुन्निलाल साहू, प्र0आर0 1599 जगत ठाकुर, आर.206 डिगम्बर सिदार म.आर. 1072 पेमिन कतलाम, का सहरानीय रहा।

# सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने विद्यालयों का किया निरीक्षण, शिक्षा व्यवस्था की ली जानकारी



**अम्बिकापुर,**लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर सरगुजा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था, छात्रों की उपस्थिति और विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर श्री विलास भोसकर भी उपस्थित रहे।

***कस्तुरबा आवासीय विद्यालय झिरमिटी में औचक निरीक्षण** – सचिव डॉ. सिंह ने सबसे पहले कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय, झिरमिटी का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय पहुंचने पर छात्राओं ने स्कूल बैंड की धुन पर उत्साहपूर्वक उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं से संवाद करते हुए भोजन व्यवस्था, आवासीय सुविधाएं, पढ़ाई की स्थिति, पुस्तकें और अध्ययन सामग्री, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। सचिव डॉ. सिंह ने छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने उज्जवल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

वहीं जिले के प्रभारी सचिव ने शासकीय माध्यमिक शाला जजगा का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति एवं अटेंडेंस प्रक्रिया, कक्षा संचालन, अध्ययन सामग्री की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय में शिक्षण गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा बच्चों की सीखने की क्षमता में सुधार लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान एसडीएम श्री बनसिंह नेताम, उदयपुर जनपद पंचायत सीईओ श्री वेद प्रकाश गुप्ता सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे

## भाजपा कार्यकर्ता स्वर्गीय सत्यम पुनेम के शोकाकुल परिवार से भाजपा नेताओं की मुलाकात

**बीजापुर (आरएनएस)।** अवापल्ली क्षेत्र के मुंजालाकांकेर के सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता सत्यम पुनेम की हाल ही में नक्सलियों द्वारा धारदार हथियारों से की गई हत्या ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। इस जघन्य घटना ने न केवल उनके परिवार को गहरा आघात पहुँचाया है, बल्कि संगठन सहित पूरे समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह जी, संगठन महामंत्री पवन साय जी, शोकाकुल परिवार बातचीत कर ढांढस बंधाया एवं सहायता किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकट, भाजपा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार तथा जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी, जिला पंचायत सदस्य जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा तेलम, शंकरैया माड़वी, उर्मिला तोकल, माया झाड़ी, मंडलाध्यक्ष उसुर तीरथ जुमार, सहित कार्यकर्ता शामिल थे। सभी नेताओं ने दिवंगत सत्यम पुनेम की पत्नी, बच्चों और परिजनों से मिलकर उनकी व्यथा सुनी तथा उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने आश्वासन दिया कि भाजपा संगठन हर परिस्थिति में परिवार के साथ खड़ा रहेगा और आवश्यक सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। नेताओं ने कहा कि सत्यम पुनेम पार्टी के समर्पित और जुझारू कार्यकर्ता थे, जिनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि नक्सल हिंसा के खिलाफ संघर्ष और मजबूत किया जाएगा ताकि ऐसे हमलों की पुनरावृत्ति न हो। भाजपा परिवार ने दोहराया कि इस कठिन समय में पूरा संगठन पुनेम परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)